रोहतक
गुरुवार 2 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 148
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम** हरियाणा
अधि. 41.0°C
न्यून. 25.7°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 टेबल टेनिस चैंपियनशिप सेमीफाइनल में अभिनंद- दिव्यांशी

## खबर संक्षेप

### 7 किलो तक का बैग, तो इंडिगो में सस्ता टिकट


**नई दिल्ली।** इंडिगो ने सिर्फ केबिन बैग यानी 'हाथ में ले जाने वाला बैग' के साथ सफर करने वाले पैसेंजर्स के लिए एक नया और सस्ता किराया 'इंडिगो लाइट' लॉन्च किया है। इसकी लिमिट 7 किलो होगी। भारत की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन ने यह कदम हवाई टिकटों की शुरुआती कीमतें कम करने के लिए उठाया है, ताकि बड़े सामान के बिना चलने वाले यात्रियों को कम पैसे देने पड़ें। इससे पहले पिछले महीने एयर इंडिया ने भी उन यात्रियों के लिए एक बेसिक इकोनॉमी किराया शुरू किया था। *एजेंसी*

### जीएसटी संग्रह जून में रहा 1.95 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का कुल संग्रह जून में 14 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। आयात और घरेलू आपूर्ति से कर संग्रह में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू लेन-देन से सकल संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। *एजेंसी*

### ईशान किशन बने टी-20 के किंग



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने इतिहास रच दिया है। आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में ईशान पहली बार दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अभिषेक शर्मा को शीर्ष सिंहासन से नीचे धकेल कर यह मुकाम हासिल किया है। अभिषेक शर्मा पिछले करीब एक साल से टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन पर काबिज थे।

*(विस्तृत खेल पेज पर)*

### संपर्क क्रांति में चूहों और कॉकरोचों की दौड़

**भोपाल।** भारतीय रेलवे की प्रीमियम ट्रेन कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की वीआईपी सुविधा पर यात्रियों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। एसी फर्स्ट क्लास में भोपाल से तमिलनाडु के कांचीपुरम तक का सफर कर रहे यात्रियों का आरोप है कि पूरी रात उनके केबिन में चूहे और कॉकरोच दौड़ते रहे, जिससे उनका परिवार सो नहीं सका। यात्री अनिल तिवारी और शिवांश तिवारी ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि कॉकरोच उनके बालों तक में घुस गए थे और चूहे सीटों व शरीर के ऊपर से गुजर रहे थे। *एजेंसी*

## मानसून आया मन को भाया

# हरियाणा के 7 जिलों में अच्छी बारिश छह दिन तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

■ आज भी कई जिलों में बारिश होने का अनुमान

प्रदेश में मानसून की एंट्री हो गई है। बुधवार को पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, कैथल और करनाल में तेज बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ के अनुसार एक जुलाई को दक्षिण-पश्चिम मानसून ने हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर लिया है। बंगाल की खाड़ी से आ रही मानसूनी हवाओं ने सबसे पहले यमुनानगर, अंबाला और पंचकूला के रास्ते हरियाणा में दस्तक दी। इसके बाद मानसून करनाल, कुरुक्षेत्र और पानीपत होते हुए दिल्ली-एनसीआर तथा दक्षिणी हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल तक पहुंचेगा। 6 जुलाई तक प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार भिवानी, चरखीदादरी, रोहतक, हिसार, हांसी, सोनीपत, पानीपत, करनाल, यमुनानगर, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान है। वहीं, अन्य जिलों में भी बादल छाएंगे और तेज हवाएं चलेंगी।



### सिरसा 41.0 डिग्री के साथ सबसे गर्म

प्रदेश में दिन की गर्मी का असर अभी भी बना हुआ है। बुधवार को औसत अधिकतम तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह अब भी सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान सिरसा में 41.0 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रोहतक में 32.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

प्रदेश का अभी एक सप्ताह तक रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। दो से तीन दिन में मानूसन पूरे प्रदेश में छा जाएगा। इसके बाद तेज बारिश की संभावना भी बनेगी। वहीं पूरे दिल्ली एनसीआर में मौसम में बदलाव आने से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, अरुणाचल में बाढ़



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को डोडा में बुधवार सुबह 2 बार बादल फटा। भलेसा के कलालगीसर इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आ गया। इससे रास्ते ब्लॉक हो गए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और लैंडस्लाइड का कहर है। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अंजॉ जिले के सारती गांव में लैंडस्लाइड में एक व्यक्ति की मौत हुई। इससे पहले कीयी पन्योर में बाढ़ में 3 लोग बह गए थे। अधिकारियों के मुताबिक 2 लोग लापता हैं। 28 जिलों के 90 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। इधर, मध्य प्रदेश के हरदा-खरगोन में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि बैतूल में एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। वहीं, चंपा नदी के उफान में बाइक समेत दो युवक बह गए। बिहार में भी बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। यूपी के सोनभद्र में मंगलवार शाम 4 बजे पिकनिक मनाने गए 3 लोग बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गए। एक ही मौत हुई। उत्तराखंड में बारिश से देहरादून में रिस्पना नदी उफान पर है। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ऋषिकेश में मंगलवार शाम से राफ्टिंग पर 31 अगस्त तक रोक लगा दी गई है। मानसून ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एंट्री कर ली। अब दिल्ली और राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंच गया है।

**एमपी-बिहार में बिजली गिरने से 8 की मौत**

## सोनीपत के रहने वाले, सीबीआई ने ट्रैप लगाकर पकड़ा

# तीन करोड़ रिश्वत मांगने पर हरियाणा कैडर का आईपीएस अफसर गिरफ्तार

■ अभी नागरिक उड्डयन विभाग में महानिदेशक के रूप में तैनाती
■ एक इंस्पेक्टर व दो निजी व्यक्तियों के खिलाफ भी दर्ज किया था केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

सीबीआई ने 5 हजार करोड़ रुपये के दवा घोटाले के मामले में हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत को गिरफ्तार किया है। गहलावत 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, अभी उनकी तैनाती नागरिक उड्डयन विभाग में महानिदेशक के रूप में है। सीबीआई का दावा है कि इस नकली दवा घोटाले के मुख्य आरोपी को जांच में राहत दिलवाने के लिए ये रिश्वत मांगी गई थी। आरोपी ने इसके लिए 3 करोड़ रुपये की डील भी की हुई थी। इस मामले में पहले भी दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर और दो निजी व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। दीपक मूल रूप से सोनीपत के निजामपुर माजरा गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता हरियाणा पुलिस से बतौर इंस्पेक्टर रिटायर हुए, जबकि मां पीजीआई रोहतक में एएनएम रही हैं।

### क्या है नकली दवा घोटाला

#### भारी मात्रा में नकली दवा मिली

साल 2025 में पुडुचेरी में पुलिस और सीबीआई और सीआईडी ने छापेमारी के बाद नकली और मिलावटी दवाइयां बनाने के धंधे का पर्दाफाश किया था। इस दौरान भारी मात्रा में नकली दवाएं और कच्चा माल जब्त किया गया था।

#### मुख्य आरोपी एन राजा गिरफ्तार

इनकी दवाओं की अनुमानित कीमत 5 हजार करोड़ रुपये आंकी गई थी। इसके बाद मुख्य आरोपी एन राजा को गिरफ्तार किया गया। जांच आगे बढ़ी तो मामले में नेता से लेकर अफसर, सबकी भागीदारी के संकेत मिले।



#### सीबीआई जांच में संलिप्तता सामने आई

इसके बाद मामला सीबीआई को जांच के लिए सौंपा गया। सीबीआई ने मार्च में एन राजा के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया। अब जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे रिश्वत का खुलासा हो रहा है। साथ ही अफसरों की संलिप्तता भी सामने आ रही है।

### ऐसे आया दीपक जांच के दायरे में

#### 14 मई को दिल्ली में हुई डील

सीबीआई के मुताबिक, 14 मई को दिल्ली में आरोपियों और अधिकारियों के बीच मीटिंग हुई। इस मीटिंग में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह और राजकुमार भी शामिल थे। इन्होंने मुख्य आरोपी एन राजा से 3 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी। इसमें 1.5 करोड़ रुपये एडवांस दिए गए। सीबीआई की जांच में सामने आया कि इन्होंने दावा किया था- वह सीबीआई की जांच को प्रभावित कर आरोपियों को राहत दिला सकता है। इसके बाद आरोपियों ने इंस्पेक्टर प्रदीप को एक हवाला ऑपरेटर के जरिए 1 करोड़ रुपए दिए गए। ये पैसे फिर प्रभात नाम के व्यक्ति को दिए गए, प्रभात आईपीएस दीपक गहलावत का जानकार था।

#### आईएएस प्रदीप दो दिन के रिमांड पर

सीबीआई ने हरियाणा कैडर के निलंबित आईएएस अधिकारी प्रदीप डागर को अदालत में पेश किया। जहां से सीबीआई की मांग पर उनका दो दिनों का रिमांड मंजूर किया गया। रिमांड के दौरान प्रदीप डागर बेहद ही अहम और संवेदनशील जानकारी दे सकते हैं, जिसके साथ ही अब बचे हुए आईएएस अफसरों पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। यहां बता दें कि 30 जून 2026 को उनके सेवानिवृत्ति (रिटायरमेंट) के दिन ही गिरफ्तार किया गया था। ये कार्रवाई हरियाणा के बहुचर्चित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले के सिलसिले में की गई है।

## रामंमदिर चोरी मामला

# आरोपी अविनाश के घर मिली मंदिर का दान पेटी

■ लिखा था- रामराज्य कोष, क्यूआर कोड भी चिपका था

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा के घर छापेमारी की। दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। इससे पहले जेल में बंद आरोपी अविनाश शुक्ला के अयोध्या स्थित योग केंद्र से पुलिस ने एक संदूक बरामद किया है। उस पर लाल रंग से 'रामराज्य कोष' लिखा था। पेटीएम का क्यूआर कोड लगा था। 28 जून को हुई पुलिस की छापेमारी का वीडियो बुधवार सुबह सामने आया। इस बीच, राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें लखनऊ मेदांता में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने बताया- महंत को 29 जून यानी सोमवार को लाया गया था। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और यूरिन इन्फेक्शन था। पुलिस ने मंगलवार को फैजाबाद जेल में बंद सभी आठों आरोपियों से पूछताछ की। सबसे लंबी पूछताछ अविनाश से हुई। दो घंटे चली पूछताछ में 5 जून को अविनाश के घर से बरामद कैश और गहनों को लेकर सवाल-जवाब किए गए। अविनाश के घर से 14 लाख कैश मिला था।

### ईडी भी हो सकती है जांच में शामिल

चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी को सरकार ने 15 दिन का समय और दिया है। सूत्रों के मुताबिक, चढ़ावा चोरी की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए ईडी को भी शामिल किया जा सकता है। अयोध्या पुलिस ने लखनऊ में ऑफिसर्स से इसका आग्रह किया है।

400 निजी सुरक्षाकर्मी भी जांच के घेरे में

राम मंदिर परिसर में तैनात 400 निजी सुरक्षाकर्मी भी जांच के घेरे में हैं। उनकी ड्यूटी, रोस्टर, सीसीटीवी, एंट्री-एग्जिट रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा जिस निजी सुरक्षा कंपनी के पास था, वह बिहार के पूर्व सांसद की है। ट्रस्ट इस पर हर महीने 1 करोड़ खर्च करता था। यानी निजी सुरक्षा पर सालाना 12 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे थे।

## टेलीग्राम की तरह गलत इस्तेमाल की आशंका

### व्हाट्सएप के यूजरनेम फीचर की जांच करेगी केंद्र सरकार

■ पहचान छिपाकर धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड का खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार वॉट्सएप के नए यूजरनेम फीचर की जांच करेगी। इस फीचर से पहचान छिपाकर धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड का खतरा काफी बढ़ सकता है। पेरेंट कंपनी मेटा ने अपने इंस्टेंट मैसेजिंग एप में मोबाइल नंबर बताए बिना चैट करने वाला फीचर लॉन्च किया था। इसमें लोग सिर्फ यूजरनेम के जरिए किसी नए व्यक्ति से चैट कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार चिंता इस बात को लेकर है कि जब यूजर्स को फोन नंबर छिपाने की आजादी मिल जाएगी, तो जालसाजों के लिए किसी दूसरे के नाम का फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों को धोखा देना आसान हो सकता है।

## गैस के दामों में कटौती आम आदमी को राहत

### कॉमर्शियल सिलेंडर 183 रुपये सस्ता, छोटू रु.808 में मिलेगा

■ नयारा एनर्जी ने पेट्रोल 5 व डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता किया

**नई दिल्ली।** कॉमर्शियल सिलेंडर एक जुलाई से औसतम 183.50 रुपये सस्ता हो गया है। दिल्ली में ये 2930 का मिल रहा है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती कर दी है। इसकी कीमत 13 रुपये कम हो गई है। नई दरें लागू होने के बाद दिल्ली में 5 किलो वाला सिलेंडर अब 808.50 रुपये में मिलेगा। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम घटने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च घटेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली सस्ते कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी सस्ती हो सकती है। वहीं नयारा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है।

## एक राउंड पूरा किया, दूसरे में बेसुध होकर गिर पड़ा

### पुलिस भर्ती में दौड़ लगा रहे महेंद्रगढ़ के युवक की मौत



**मंडी अटेली (हरिभूमि न्यूज)।** पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में चल रही हरियाणा पुलिस कांस्टेबल भर्ती के फिजिकल टेस्ट के दौरान दौड़ लगाते समय एक युवक की मौत हो गई। अटेली क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी 27 वर्षीय कपिल पुत्र हीरालाल हरियाणा पुलिस भर्ती का फिजिकल टेस्ट देने के लिए पंचकूला गया हुआ था। कपिल ने दौड़ का पहला राउंड सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था, लेकिन दूसरे राउंड के दौरान अचानक उसकी सांस फूलने लगी। वह दौड़ते-दौड़ते ट्रैक पर ही गिर पड़ा। अधिकारियों और अन्य उम्मीदवारों ने तुरंत उसे संभाला। प्राथमिक जांच में ही उसकी मौत की पुष्टि हुई।

# भारत-पाकिस्तान की 117 प्रमुख हस्तियों का मोदी-शहबाज को पत्र

## लिखा-दुश्मनी खत्म करें, वार्ता और रिश्ते शुरू हों

■ टकराव नहीं बातचीत का रास्ता चुनिए
■ दक्षिण एशिया में शांति और विकास का माहौल बने
■ पत्र लिखने वालों में पूर्व अधिकारी, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने के लिए दोनों देशों की 117 हस्तियों ने पीएम मोदी और पाक पीएम शहबाज शरीफ को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि टकराव नहीं, बातचीत का रास्ता चुनिए, ताकि दक्षिण एशिया में शांति और विकास का माहौल बन सके। इन 117 हस्तियों में पूर्व अधिकारी, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरजेडी सांसद मनोज झा समेत 61 लोगों और पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी समेत 56 लोगों ने चिट्ठी पर साइन किए हैं।

### क्यों लिखा गया पत्र?

यह पहल ऐसे समय में की गई है जब हाल के महीनों में भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव बना हुआ है। इनका कहना है कि लगातार बढ़ती शत्रुता से दोनों देशों के विकास, क्षेत्रीय स्थिरता और आम नागरिकों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

## मानसून सत्र में पेश हो सकता है बिल

# पीएम-सीएम 30 दिन जेल में रहेंगे तो जाएगी कुर्सी

■ संसदीय समिति प्रावधान हटाने के पक्ष में नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उन्हें पद छोड़ना पड़ सकता है। इससे जुड़े बिलों को सरकार मानसून सत्र में दोबारा पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक 130वें संविधान संशोधन बिल पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) इससे जुड़े प्रावधानों को हटाने के पक्ष में नहीं है। समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को मंजूरी दे सकती है। गृहमंत्री अमित शाह ने इससे जुड़े 3 बिलों को पिछले मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में रखा था, जिसके बाद इसे इन्हें जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया था।

### 2014 के बाद 13 सिटिंग मंत्रियों को गिरफ्तार किया

2014 के बाद कम से कम 13 सिटिंग मंत्रियों को सीबीआई-ईडी गिरफ्तार कर चुकी हैं। ज्यादातर गिरफ्तारियां आप शासित दिल्ली और टीएमसी शासित पश्चिम बंगाल में हुईं। किसी भाजपाई मंत्री की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सिर्फ उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान को अवैध हथियार के मामले में एक वर्ष की सजा हुई थी।

## व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रंप ने कमाए 20,900 करोड़

# दुनिया रोती रही, ट्रंप कमाते रहे

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

अमेरिका में दोबारा सत्ता संभालने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी दुनिया को परेशान किया हुआ है। टैरिफ से लेकर ईरान से युद्ध तक उनके हर कदम ने दुनिया के लोगों के लिए दिक्कत ही पैदा की। इसके विपरीत जब दुनिया रो रही थी, ट्रंप जमकर धन कमा रहे थे। 2025 के अनिवार्य वित्तीय खुलासे से पता चला कि ट्रंप परिवार की संपत्तियां, विशेष रूप से राष्ट्रपति के क्रिप्टो कारोबार, बेहद लाभदायक साबित हुए। व्हाइट हाउस में वापसी के पहले ही वर्ष में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारी वित्तीय लाभ अर्जित किया। वित्तीय खुलासे के अनुसार उनके परिवार के क्रिप्टोकरेंसी कारोबार से ही उन्हें लगभग 1.4 अरब डॉलर (13,300 करोड़ रुपये) की आय हुई। कुल मिलाकर राष्ट्रपति ट्रंप ने कम-से-कम 2.2 अरब डॉलर (20,900 करोड़ रुपये) की आय दर्ज की। इसमें उनके विशाल कारोबारी साम्राज्य के अन्य स्रोत, जैसे रियल एस्टेट संपत्तियां, भी शामिल हैं। इसकी तुलना में 2024 में राष्ट्रपति पद पर लौटने से पहले उनके व्यावसायिक उपक्रमों ने कम-से-कम 622 मिलियन डॉलर (50909 करोड़ रुपये) की आय अर्जित की थी।

### राष्ट्रपति के वित्तीय खुलासे

**2024:** 622 मिलियन डॉलर
**2025:** 2.2 अरब डॉलर

**2025** में ट्रंप की सबसे बड़ी कमाई का एक स्रोत वह सौदा था, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से जुड़ी एक निवेश कंपनी ने ट्रंप परिवार की प्रमुख क्रिप्टो कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंसियल में लगभग आधी हिस्सेदारी खरीद ली। इस लेनदेन ने विदेश नीति और निजी कारोबारी हितों के बीच की सीमाओं को धुंधला कर दिया। इसके अलावा, ट्रंप ने अपने मीमकॉइन की बिक्री और वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंसियल द्वारा जारी किए गए डिजिटल टोकनों की बिक्री से भी सैकड़ों करोड़ डॉलर कमाए।

### साम्राज्य की तस्वीर पेश

मंगलवार को जारी किए गए 2025 के अनिवार्य वित्तीय खुलासे ने ट्रंप के कारोबारी साम्राज्य की एक विस्तृत तस्वीर पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, उनका क्रिप्टो कारोबार अब उनकी सबसे अधिक लाभ देने वाली गतिविधियों में शामिल हैं। यह एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि कभी ट्रंप ने क्रिप्टोकरेंसी को नशा तस्करों और ठगों का ठिकाना बताया था। यह खुलासा ट्रंप के सामने मौजूद एक संभावित हितों के टकराव को भी उजागर करता है। एक ओर वे स्वयं क्रिप्टो उद्योग के बड़े कारोबारी हैं, वहीं दूसरी ओर उसी उद्योग से जुड़ी नीतियां तय करने वाले सर्वोच्च नीति-निर्माता भी हैं।



### व्यावसायिक लाभ उठाया

हालांकि यह ऐसा अकेला मामला नहीं है। ट्रंप परिवार की कंपनी ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन ने भी दुनिया के कुछ हिस्सों में ट्रंप की लोकप्रियता का व्यावसायिक लाभ उठाया। कंपनी ने सऊदी अरब और कतर जैसे अमेरिका की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण देशों में अपनी परियोजनाओं को ट्रंप नाम का लाइसेंस दिया। वित्तीय खुलासे के अनुसार केवल इन दोनों सौदों से ही पिछले वर्ष ट्रंप को 1.4 करोड़ डॉलर (14 मिलियन डॉलर से अधिक) की आय हुई। इस मामले पर व्हाइट हाउस ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि, ट्रंप पहले भी कह चुके हैं कि वे संघीय हितों के टकराव संबंधी कानूनों से मुक्त हैं।

### क्रिप्टो और रियल एस्टेट से आय का उल्लेख नहीं

मंगलवार को जारी रिपोर्ट में ट्रंप के क्रिप्टो और रियल एस्टेट कारोबार से होने वाली आय का उल्लेख तो किया गया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इन कारोबारों में वास्तविक लाभ हुआ या नुकसान। यह उनकी पिछली वित्तीय घोषणाओं की तरह ही है। रिपोर्ट ट्रंप की कुल संपत्ति के बारे में भी बहुत स्पष्ट तस्वीर पेश नहीं करती। इसकी बड़ी वजह यह है कि उनकी संपत्ति का बड़ा हिस्सा रियल एस्टेट के अनुमानित मूल्य, क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लगातार बदलते मूल्य और शेयर पोर्टफोलियो पर आधारित है। अपने सबसे बड़े परिसंपत्ति वर्गों जैसे क्रिप्टोकरेंसी और रियल एस्टेट के लिए ट्रंप ने कम-से-कम 5 करोड़ डॉलर (50 मिलियन डॉलर) का मूल्यांकन दर्ज किया है, लेकिन इसकी अधिकतम सीमा नहीं बताई गई। इसके अलावा, उनकी सूचीबद्ध सोशल मीडिया कंपनी में उनकी हिस्सेदारी का मूल्य अन्य सार्वजनिक दस्तावेजों के अनुसार लगभग 87.5 करोड़ डॉलर (875 मिलियन डॉलर) है, जो उनकी कुल संपत्ति के सबसे बड़े स्रोतों में से एक मानी जाती है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने हरियाणा लोक भवन में राज्यपाल प्रो. असीम घोष से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने मुख्य सचिव से प्रदेश से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया, ताकि इन योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

### आबकारी विभाग वेबसाइट अपडेट करें

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य सूचना आयोग ने आबकारी एवं कराधान विभाग को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 की धारा-4 के तहत अनिवार्य रूप से सार्वजनिक की जाने वाली सभी सूचनाएं विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अजय कुमार सूरा ने शिकायत संख्या 603/2024 की सुनवाई के दौरान यह अंतरिम आदेश जारी किया। शिकायतकर्ता क्षितिज दत्ता ने आरोप लगाया था कि आरटीआई आवेदन देने के बावजूद उन्हें मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन 5 जुलाई को

**चंडीगढ़।** बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने 5 जुलाई को प्रस्तावित रोष प्रदर्शन की तैयारियां तेज कर दी हैं। एसोसिएशन ने सरकार से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।प्रदेशाध्यक्ष शर्मिला देवी, महासचिव सहदेव आर्य और प्रवक्ता संदीप कुंडू ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार और स्वास्थ्य मंत्री को कई बार मांगपत्र सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश को दी 337 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगातें

# 325 अमृत सरोवर और 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस प्रदेश को समर्पित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणगढ़ (अंबाला)**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नारायणगढ़ से प्रदेश को 337 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 325 अमृत सरोवर, 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस और 114 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सात स्वास्थ्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल नारायणगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। ये परियोजनाएं स्वस्थ, समृद्ध और विकसित हरियाणा के संकल्प को मजबूत करेंगी। उन्होंने डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा वर्करों और स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए डॉ. बिधान चंद्र राय को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में करीब एक हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं। इनमें 1,112 करोड़ रुपये की लागत से यमुनानगर-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग-73 का निर्माण, राजकीय महिला महाविद्यालय, आधुनिक खेल स्टेडियम, सीएचसी व पीएचसी भवनों का निर्माण और अन्य कई परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत से बने 50 बेड के नए अस्पताल ब्लॉक के शुरू होने से नागरिक अस्पताल की क्षमता बढ़कर 100 बेड हो गई है। करीब 50 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भी शुरू की गई है। चाणसौली में 13 करोड़ रुपये से महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया है। बजट में नारायणगढ़ के लिए नया राजकीय बहुतकनीकी संस्थान घोषित किया गया है तथा प्रस्तावित 10 नए आईएमटी में अंबाला-नारायणगढ़ भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र के 217 वादों में से 66 पूरे किए जा चुके हैं और 151 पर कार्य जारी है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत करीब 10 लाख महिलाओं को 1,415 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जबकि 500 रुपये में गैस सिलेंडर योजना के तहत भी लाभ दिया गया है।

- **संकल्प पत्र के 217 वादों में से 66 पूरे किए जा चुके, 151 पर कार्य जारी : नायब**



### किसानों को 16530 करोड़ का मुआवजा दिया

उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है और अब तक 12 लाख किसानों के खातों में 1.80 लाख करोड़ रुपये सीधे भेजे गए हैं। पिछले साढ़े 11 वर्षों में फसल खराबे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 16,530 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.56 लाख मकान उपलब्ध कराए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 18,470 परिवारों तथा ग्रामीण योजना के तहत 12,031 परिवारों को प्लॉट दिए गए हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में किडनी रोगियों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है और अब प्रदेश के सभी 22 जिलों में कैंसर उपचार सुविधाएं शुरू हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में 1.83 लाख युवाओं को बिना खर्ची और बिना पर्ची सरकारी नौकरियां दी गई हैं। पुलिस भर्ती प्रक्रिया जारी है और आने वाले समय में विभागों में भी नई भर्तियां की जाएंगी।

## सीईटी की तर्ज पर होगी एचटेट की परीक्षा : नायब



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए हैं कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचटेट) की परीक्षा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) की तर्ज पर पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराई जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में एचटेट परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी मौजूद रहे, जबकि सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंचने में कोई परेशानी होती है तो वह डायल-112 पर सूचना दे सकता है। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए बोर्ड मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके अलावा जिला और मुख्यालय स्तर पर फ्लाइंग स्क्वॉड भी तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 383 परीक्षा केंद्रों पर 2,33,294 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

- **4-5 जुलाई को एचटेट, 383 केंद्रों पर 2 .33 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

## विस सचिवालय और एसबीआई के बीच एमओयू

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा सचिवालय ने अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की उपस्थिति में विधानसभा सचिव राजीव प्रसाद और एसबीआई के महाप्रबंधक बिनोद कुमार सिन्हा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन खाते एसबीआई में खोले जाएंगे। इसके बदले बैंक उन्हें विशेष श्रेणी की बैंकिंग सेवाएं, बीमा सुरक्षा, रियायती ब्याज दर पर ऋण और अन्य वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण की दिशा में ये बड़ा कदम है।

- **बीमा सुरक्षा, होम-कार लोन में रियायत, लॉकर और डिजिटल बैंकिंग समेत कई सुविधाएं मिलेंगी**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरिकेश** पुत्र ऋषिकेश, निवासी गाँव और पोस्ट ऑफिस धर्मा, ज़िला झज्जर, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 30/2021 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरिकेश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरिकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा **84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 30/2021 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरिकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **07.08.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री भारती बेनीवाल,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, (उत्तर),**
**न्यायालय संख्या 114, प्रथम तल,**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।**

DP/8773/ON/2026

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 16-अम्बाला/2026-27 दिनांक 30.06.2026**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नामः** ए.डी.ई.एन./ट्रैक/अम्बाला के अधीन अम्बाला छावनी–कालका सेक्शन में घग्घर बैलेस्ट डिपो पर ब्रॉड गेज (बी.जी.) ट्रैक हेतु 65 मि.मी. ग्रेड की मशीन से क्रश की गई 50,000 घन मीटर पत्थर गिट्टी (बैलेस्ट) की आपूर्ति, विधिवत स्टैकिंग तथा रेल–वाहक ट्रकों/बी.ओ.बी. (BOB's) में लदान का कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 6,72,38,500 | 13,44,800 | 08 महीने | 24.07.2026 |

2 **कार्य का नामः** ए.डी.ई.एन./पटियाला के अधीन लुधियाना–धूरी सेक्शन के पुल संख्या 29, 30 एवं 82, आखल–हिसार सेक्शन के पुल संख्या 4, 6, 28 एवं 49 तथा राजपुरा–धूरी सेक्शन के पुल संख्या 35DN, 36DN, 70UP, 100UP, 102UP एवं 129UP पर टी.बी.एस.आर. (एच–बीम) (कुल 2264 संख्या) का कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 3,72,90,127 | 7,45,800 | 10 महीने | 24.07.2026 |

3 **कार्य का नामः** ए.डी.ई.एन./बठिंडा के अधीन धूरी–बठिंडा सेक्शन के पुल संख्या 172 एवं 221 तथा बठिंडा–श्रीगंगानगर सेक्शन के पुल संख्या 57A, 57B, एवं 180 पर टी.बी.एस.आर. (एच–बीम) (कुल 2264 संख्या) का कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 78,19,733 | 1,56,400 | 06 महीने | 24.07.2026 |

**नोटः-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2247/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राज सिंह और उर्वशी रंगारा बने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक

### संयुक्त निदेशक से अतिरिक्त निदेशक पद पर पदोन्नति



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों राज सिंह और सुश्री उर्वशी रंगारा को बुधवार को तत्काल प्रभाव से संयुक्त निदेशक से अतिरिक्त निदेशक पद पर पदोन्नत किया है।

सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार दोनों अधिकारियों को एफपीएल-13 (ग्रुप-ए) वेतन स्तर में पदोन्नति दी गई है। वे हरियाणा राज्य सेवा नियम, 1982 के प्रावधानों के तहत एक वर्ष अथवा सेवानिवृत्ति की तिथि (जो भी पहले हो) तक परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे। इस संबंध में आयुक्त एवं सचिव, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग ने आवश्यक प्रशासनिक आदेश जारी कर दिए हैं।

## किसानों को एक दिन में मिलेगा जे-फॉर्म

**चंडीगढ़।** सरकार ने नागरिकों एवं किसानों को समयबद्ध, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) की 10 सेवाओं को हरियाणा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित कर दिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी), डुप्लीकेट आवंटन एवं पुनः आवंटन, कन्वेयंस डीड जारी करना, बिक्री की स्थिति में संपत्ति का पुनः हस्तांतरण तथा कृषि कार्यों के दौरान चोट लगने या मृत्यु हो जाने पर अनुग्रह सहायता (एक्स-ग्रेशिया) प्रदान करने से सम्बन्धित सेवाएं उपलब्ध 30 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाएंगी। इसी प्रकार नो ड्यूज सर्टिफिकेट तथा बंधक (मॉर्गेज) के लिए एनओसी जारी करने की सेवाएं 15 दिनों के भीतर प्रदान की जाएंगी। निर्विवाद मृत्यु (अनकॉन्टेस्टेड डेथ) के मामलों में संपत्ति का पुनः हस्तांतरण तथा कृषि कार्यों के दौरान चोट लगने या मृत्यु हो जाने पर अनुग्रह सहायता (एक्स-ग्रेशिया) प्रदान करने से सम्बन्धित सेवाएं उपलब्ध 60 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाएंगी।

- **हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की 10 सेवाएं अब राइट टू सर्विस के दायरे में**


## नागरिक अस्पतालों में प्लेटलेट्स की सुविधा पूरी तरह से मुफ्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मानसून की दस्तक के साथ ही स्वास्थ्य विभाग डेंगू के खिलाफ पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेश की जनता को सचेत रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। स्वास्थ्य मंत्री ने आओ मिलकर डेंगू रोकें का नारा देते हुए राज्य के नागरिकों से अपील की है कि वे जुलाई महीने को डेंगू रोधी महीने'के रूप में मनाएं और अपने आस-पास पानी जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पतालों में प्लेटलेट्स की सुविधा पूरी तरह से मुफ्त में मिलेगी। उन्होंने कहा कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो मुख्य रूप से दिन के समय काटता है और हमेशा रुके हुए साफ पानी में ही पनपता है। स्वास्थ्य मंत्री ने जनता से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और पानी ठहरेगा जहां - मच्छर पनपेगा वहां की बात को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 161 दिनांक 19.05.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- सानिया पुत्री रविन्द्र
नाम- निक्की पुत्री मन्जीत
पता - वासी गाँव मेहन्दीपुर जिला सोनीपत ।
सानिया की उम्र -20 वर्ष ।
निक्की की उम्र -12 वर्ष
सानिया का कद -5 फुट 3 इंच ।
निक्की का कद- 5 फुट
सानिया का हुलियाः- रंग गेहुँआ, हष्ट-पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, नाक पर पुरानी चोट का निशान है।
निक्की का हुलियाः- रंग गेहुँआ, हष्ट-पुष्ट शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें है।
सानिया का पहनावा - सफेद रंग की शुट, काले रंग की प्जामी व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।
निक्की का पहनावा - हल्के रंग की हाफ बाजु टी शर्ट, हरे रंग की पैन्ट व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2026 को सानिया पुत्री रविन्द्र व निक्की पुत्री मन्जीत वासी गाँव मेहन्दीपुर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो॰ न0-7419410540
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 – 7015952434
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4984/2027/46721/88/6 दि. 01.07.26

## गर्मी की छुट्टियों के बाद पहले ही दिन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** गर्मी की छुट्टियों के बाद बुधवार को स्कूल खुलने के पहले ही दिन चंडीगढ़ के केंद्रीय विद्यालय सहित कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। सुबह बच्चे स्कूल पहुंच रहे थे, तभी स्कूल प्रबंधन को धमकी भरे ईमेल मिलने लगे। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें संबंधित स्कूलों में पहुंचीं और पूरे परिसर की गहन तलाशी शुरू की। एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए। समाचार लिखे जाने तक किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना नहीं थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी चंडीगढ़ के कई स्कूलों और अन्य संस्थानों को इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। उन मामलों में भी घंटों तक तलाशी अभियान चलाया गया था, लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली थी।

- **बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने की तलाशी, देर शाम तक कुछ संदिग्ध नहीं मिला**

### बाढ़ आपदा को रोकने इंतजाम अधूरे

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि बाढ़ आपदा को रोकने के लिए किए जाने वाले इंतजामों के लिए सरकार द्वारा रखी डेड लाइन निकल चुकी है लेकिन धरातल पर कहीं कोई पुख्ता इंतजाम अभी तक पूरे नहीं किए हैं। पहले यह डेडलाइन 15 जून थी उसके बाद बढ़ा कर 30 जून कर दी गई थी। हरियाणा में प्री मानसून ने दस्तक दे दी है। अगर पहाड़ों और प्रदेश में भारी बारिश हो गई तो हर साल की तरह बाढ़ फिर से तबाही मचाएगी जिस से फसल के साथ साथ जानमाल और पशुओं का भारी नुकसान होगा।

### मानसून : पंचकूला में धारा 163 लागू

**पंचकूला।** मानसून की शुरुआत और मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए, पंचकूला पुलिस प्रशासन ने आम जनता की सुरक्षा के लिए एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 तुरंत प्रभाव से लागू कर दी है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-19/ 2026-27 | प्रोविजन ऑफ फुल लेंथ शंटिंग नेक बाय एक्सटेंशन ऑफ लाइन नं. 1 टुवर्ड्स नंगल डैम एंड एट कीरतपुर साहिब (KART) स्टेशन। | 24.07.2026 at 15.00 hrs. | Rs. 6537366.93/- | Rs. 130800/- | 180 दिन |
| 2 | OT-20/ 2026-27 | प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम इन कनेक्शन विद अपग्रेडेशन ऑफ पार्सल ऑफिसेज एट 10 स्टेशन्स (पटियाला, धूरी, अबोहर, रोपड़, नंगल डैम, ऊना हिमाचल, कालका, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर) ओवर अंबाला डिवीजन। | 24.07.2026 at 15.00 hrs. | Rs. 4493384.54/- | Rs. 89900/- | 180 दिन |

**नोट :–** वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। **1.** टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। **2.** निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टैन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें। **संख्या :– एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन॰आई॰टी–06–2026–27 दिनांकः– 01.07.2026** **2250/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### सरकार की बड़ी राहत, आर्थिक नुकसान नहीं होगा

# गंभीर बीमारी से जूझ रहे कर्मचारियों को राहत प्रमोशन ठुकराने पर भी मिलेगा एसीपी लाभ

**योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए क्रॉनिक (दीर्घकालिक) बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों के हित में अहम निर्णय लिया है। अब यदि कोई कर्मचारी स्वास्थ्य कारणों से पदोन्नति (प्रमोशन) स्वीकार नहीं करता है, तो उसका एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एसीपी) लाभ और वेतन सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में वित्त विभाग ने सभी विभागों को आदेश जारी कर दिए हैं। सरकार के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिसूचित गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित कर्मचारी यदि अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ होने के कारण स्वेच्छा से पदोन्नति लेने से इनकार करते हैं, तो उन्हें आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। ऐसे कर्मचारियों को पहले से स्वीकृत एसीपी स्तर पर ही वेतन मिलता रहेगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर विचार-विमर्श के बाद वित्त विभाग को इस संबंध में निर्देश दिए गए थे। इसके बाद जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि बीमारी से जूझ रहे कर्मचारी को केवल पदोन्नति अस्वीकार करने के कारण आर्थिक रूप से नुकसान नहीं होना चाहिए। अब तक हरियाणा सिविल सेवा (एसीपी) नियम, 2016 के तहत पदोन्नति अस्वीकार करने पर कर्मचारी का वेतन पुनर्निर्धारित किया जाता था और पहले से मिले एसीपी लाभ पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। नए आदेश के बाद अधिसूचित क्रॉनिक बीमारियों के मामलों में यह प्रावधान लागू नहीं होगा। कर्मचारियो ने फैसले पर खुशी जताई है।

### अधिसूचित बीमारियों पर ही मिलेगा लाभ

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिसूचित क्रॉनिक बीमारियों के मामलों में ही मिलेगी। इनमें बेहसेट रोग और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी गंभीर बीमारियां शामिल हैं। इसे वर्ष 2026-27 के बजट में किए गए कर्मचारी हितैषी वादों को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, उपमंडल अधिकारियों (नागरिक), पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल तथा हरियाणा लोक उपक्रम ब्यूरो को आदेश भेजकर नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूचना लोक सम्पर्क, भाषाएं एवं संस्कृति निदेशालय, हरियाणा | दो वर्ष के लिए इटियोस, स्विफ्ट डिजायर, एरटिगा, इनोवा, हाईक्रॉस, इनोवो क्रिस्टा, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडिज, टेम्पो ट्रेवलर, वोल्वो बस को एसी टैक्सियों को किराये पर लेने के लिए ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। | 02.07.2026 20.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2747414 autodgipr@gmail.com |
| 2 | वन विभाग भिवानी | सिवानी रेंज में पौधों के रखरखाव हेतु निविदा। | 22.06.2026 06.07.2026 | 51.78 लाख | https://haryanaeprocurement.gov.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 3 | नागरिक हस्पताल पंचकूला | औषधि और कंज्यूमेबल्स मदें। | 02.07.2026 13.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नैना ततारपुर में धानक चौपाल का निर्माण, एमपीएलएडी। | बंद होने की तिथि 06.07.2026 | 4.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव डेरा संजय नगर में गुरूद्वारा के निकट सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना + 7 कार्य। | 25.06.2026 04.07.2026 | 63.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | कतलाहेड़ी - गांव कतलाहेड़ी ब्लॉक चिराव में अंग्रेज राणा के मकान से तालाब तक नाला का निर्माण + 7 कार्य। | 29.06.2026 07.07.2026 | 60.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल्स (विटामिन के 1 एमजी, इंज. एंटी रेबिज वैक्सिन, इंज. मैट्रोनाइडाजोल I.V 100 एमएल, इंज. टर्लीप्रेसिन 0.1 एमजी/एमएल, 10 एमएल इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 03.07.2026 10.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 8 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल्स (टैम्सुलोसिन + डूटास्टेराइड टैब., लैक्टुलोज सोल्यूशन, विटामिन डी3 टैबलेट-च्यूऐबल, सेट्रीजीन सिरप इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 06.07.2026 13.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस (एम) उपमंडल सं. 2, चरखी दादरी के अधिकारक्षेत्र के तहत विभिन्न बाढ़ स्थलों पर 30 एचटी स्टार्टर की मरम्मत करने के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री की आवश्यकता के सम्बन्ध में और 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 07.07.2026 | 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | नारनौल निर्वाचन क्षेत्र में स्प्रिंकलर सिस्टम के माध्यम से सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए गांवों नांगल काथा, चिंडालिया, डोहर कलां और अमरपुर जोरासी में 4 अदद नहरी पानी संग्रहण टैंकों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.07.2026 | 674.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xencivilnnl@rediffmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2027/200/46732/I/88/6 दि. 01.07.26



## अंबाला में 21 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बोरवेल से निकाला गया बच्चे का शव

# 220 फुट गहरे बोरवेल की गहराई में जिंदगी की जंग हार गया मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

220 फुट गहरे बोरवेल में फंसे 4 साल के निरवैर को बचाया नहीं जा सका। करीब 21 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बुधवार तड़के साढ़े 3 बजे उसका शव बोरवेल से बाहर निकाला गया। जिंदा होने की उम्मीद लेकर उसे तुरंत अंबाला शहर से नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गहरी चोट व फेफड़ों में भरे पानी को बच्चे की मौत की वजह बताया गया है। परिवार की ओर से नम आंखों से बेटे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर, पुलिस ने बोरवेल को खुला छोड़ने पर खेत मालिक समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस की मानें तो जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा। परिजनों का आरोप है कि बोरवेल से मोटर निकालने के बाद उसे खुला छोड़ दिया गया। इसी लापरवाही के कारण निरवैर की बोरवेल में गिरने से मौत हो गई।

**जिम्मेदार** **बोरवेल को खुला छोड़ने पर खेत मालिक समेत कई पर केस दर्ज**

**गंभीर चोट व फेफड़ों में मिट्टी वाला पानी भरने से हुई निरवैर की मौत**

●

**बोरवेल से बाहर निकालने के कई घंटे पहले ही हो चुकी थी बच्चे की मौत**

नागरिक अस्पताल में बच्चे का पोस्टमॉर्टम करने वाले चिकित्सकों की मानें तो उसके शरीर पर चोटों के गहरे जख्म थे। बोरवेल में गिरने के कारण ये चोटें आई। इसके अलावा बच्चे के फेफड़ों में भी पानी भरा मिला। इसे भी बच्चे की मौत की वजह बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉ. सुमित कुकरेजा के मुताबिक तड़के 4 बजे बच्चे का शव अस्पताल लाया गया था। पोस्टमॉर्टम के दौरान सामने आया कि बच्चे के शरीर पर चोट व रगड़ के निशान थे। छाती, सिर व दोनों घुटनों पर ऐसे निशान मिले। इसके अलावा फेफड़ों के अंदर मिट्टी वाला पानी मिला है। इन दोनों की वजह से बच्चे की मौत हुई है। चिकित्सकों का अनुमान है कि निरवैर की मौत उसे अस्पताल लाए जाने से करीब 12 घंटे पहले ही हो चुकी थी। यानी रेस्क्यू कर बाहर निकालने से काफी पहले ही बच्चा जिंदगी की जंग हार चुका था।

### परिवार में आठ साल बाद हुआ था लड़का

गांव के सरपंच कप्तान सिंह ने बताया कि मनजीत सिंह बिजली निगम में लगे हैं। मनजीत व उनकी पत्नी जसबीर कौर की बड़ी बेटी रीच कौर की उम्र करीब 12-13 साल है। उसके बाद करीब 8 साल बाद बेटा पैदा हुआ। परिवार ने काफी मन्नतें मांगी थी। निरवैर परिवार में सभी का चहेता है। निरवैर का पास के गांव भानोखेड़ी के द स्कॉलर्स स्कूल में इसी साल नर्सरी में एडमिशन हुआ था। गर्मी की छुट्टियों में वह नानी के घर गया था। सोमवार को ही वहां से लौटा था।



बच्चे को बोरवेल से निकालकर ले जाते हुए।

### पूरे गांव में चूल्हा तक नहीं जला

धन्यौड़ा गांव में मंगलवार को खेलते समय बोरवेल में गिरे चार वर्षीय मासूम निरवैर की मौत के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। प्रशासन के सथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों द्वारा चलाए गए करीब 21 घंटे लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बुधवार सुबह साढ़े तीन बजे निरवैर का शव बोरवेल से बाहर निकाला गया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में चूल्हा तक नहीं जला। हर आंख नम नजर आई। बता दें कि निरवैर घर के पास ही खेतों में खेल रहा था। इसी दौरान वह वहां खुले पड़े 220 फुट गहरे बोरवेल में जा गिरा। बच्चे के गिरने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिसके बाद राहत कार्य शुरू किया गया था। रात भर चले इस बेहद जटिल ऑपरेशन में बुधवार सुबह 3:30 बजे सफलता तो मिली लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**खबर संक्षेप**

### पांच हजार की रिश्वत लेते जनस्वास्थ्य विभाग का क्लर्क गिरफ्तार

**पलवल।** हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक कर्मचारी को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान योगराज के रूप में हुई है, जो वर्तमान में जनस्वास्थ्य विभाग, डिवीजन नंबर-3, पलवल में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। उसके खिलाफ पलवल के गांव पातली खुर्द निवासी निवासी ठेकेदार कृष्ण कुमार ने शिकायत दी थी। उसने बताया था कि उसने हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर ठेकेदार के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि पंजीकरण संबंधी फाइल को स्वीकृत कराने के बदले आरोपी कर्मचारी ने 10000 की रिश्वत की मांग की। बाद में फाइल अप्रूव करने के लिए 5000 रुपये में बात तय हुई।

### फैक्टरी में कपड़े के बंडल के नीचे दबकर महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के तहत आने वाले एक गोदाम में कपड़ों की छंटाई के दौरान बड़ा बंडल नीचे गिर गया। इसकी चपेट में आने से माया देवी निवासी कैराना, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और माया के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, माया के भाई मोनू ने गोदाम मालिक को माया की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि गोदाम में मजदूरों की सुरक्षा के प्रबंध नहीं है, इसके चलते ही माया काल का ग्रास बनी है। पुलिस ने मोनू की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि कुछ दिन पहले भी एक फैक्ट्री में कपड़ों की गांठों के नीचे दबने से दो बच्चियों की मौत हो गई थी।

## कस्टम मिलिंग में मिली बड़ी गड़बड़ी, नहीं जमा कराया चावल

# हैफेड को 92.32 लाख का चूना, 3093.97 क्विंटल धान हड़पने पर मिल मालिक समेत तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

### कंपनी को 48,483.779 क्विंटल धान मिलिंग के लिए दिया गया था

### दो बार नोटिस के बावजूद वापस नहीं किया गया बकाया चावल

जिले के तरावड़ी में हैफेड की कस्टम मिलिंग व्यवस्था में करोड़ों के सरकारी स्टॉक से जुड़ी गंभीर अनियमितता सामने आई है। विभागीय जांच में 3,093.97 क्विंटल धान की कमी मिलने के बाद हैफेड को करीब 92 लाख 32 हजार 818 रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए हैफेड करनाल की शिकायत पर पुलिस ने राइस मिल मालिक और दो जमानतदारों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में हैफेड करनाल के जिला प्रबंधक ने बताया कि वर्ष 2025-26 की धान मिलिंग नीति के तहत तरावड़ी स्थित ए.जी. कंपनी के साथ 1 अक्टूबर 2025 को कस्टम मिलिंग का समझौता किया गया था। इस समझौते के अनुसार कंपनी को 48,483.779 क्विंटल धान मिलिंग के लिए दिया गया था। निर्धारित शर्तों के अनुसार मिल संचालक को इस धान से तैयार चावल भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को समय पर उपलब्ध कराना था। शिकायत के अनुसार 5 मई 2026 को विभाग द्वारा राइस मिल में रखे स्टॉक का भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) किया गया। जांच के दौरान रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर सामने आया। निरीक्षण में पाया गया कि मिल परिसर में 23,100 क्विंटल धान का स्टॉक मौजूद था, जबकि एफसीआई को केवल 3,480 क्विंटल चावल की ही आपूर्ति की गई थी। इसके अलावा मिल परिसर में 11,454.167 क्विंटल चावल का स्टॉक भी मिला। विभागीय गणना के बाद कुल 3,093.97 क्विंटल धान की कमी दर्ज की गई।

जांच रिपोर्ट के बाद हैफेड कार्यालय ने 25 मई और 30 मई 2026 को राइस मिल मालिक और उसके जमानतदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। नोटिस में निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर या तो चावल की पूरी आपूर्ति की जाए अथवा कमी की भरपाई की जाए। इसके बावजूद आरोपियों ने न तो चावल जमा कराया और न ही विभाग को कोई संतोषजनक जवाब दिया।



तरावड़ी मिल परिसर में रखा धान का स्टॉक।

### दो जमानतदारों पर भी मामला दर्ज

हैफेड की विभागीय गणना के अनुसार 3,093.97 क्विंटल धान की कीमत 10 जून 2026 की स्थिति के आधार पर 92 लाख 32 हजार 818 रुपये आंकी गई है। विभाग ने इसे सरकारी धन की हानि, धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला मानते हुए पुलिस कार्रवाई की सिफारिश की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी ओम गोयल, जो ए.जी. कंपनी का मालिक है, करनाल निवासी कमल कपूर, जो चिराग ट्रेडर्स के संचालक एवं कमीशन एजेंट हैं तथा प्रवीण चंद, जो गुरु दक्षिणा ट्रेडिंग कंपनी के संचालक हैं और जमानतदार की भूमिका में थे, के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि तीनों की भूमिका की विस्तृत जांच की जा रही है और दस्तावेजों के साथ स्टॉक का भी मिलान किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कारोबारी और उसके नौकर को ब्लैकमेल कर मांगे 30 लाख

- ननद-भाभी समेत तीन महिलाओं पर केस, कारोबारी के पास काम करती थी महिला, पहले भी ऐंठ चुकी है दो लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हार्डवेयर स्पेयर पार्ट कारोबारी व उसके नौकर को ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठने तथा समझौते के नाम पर तीस लाख रुपये की मांग करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर ननद, भाभी समेत तीन महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सदर थाना इलाके में रोहतक रोड पर हार्डवेयर तथा ट्रक स्पेयर पार्ट कारोबारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दुकान पर गांव घिमाना निवासी एक युवक कार्य करता है। उसी नौकर के कहने पर उसने लगभग चार माह पहले सिविल लाइन थाना इलाके की महिला निशा को अकाउंट के काम पर रखा था। महिला का व्यवहार शुरू में ठीक रहा। फिर धीरे-धीरे उसने नौकर को झांसे में ले लिया। जिसके बाद महिला कोई न कोई बहाना बनाकर रुपये लेने लगी। महिला की तरफ दो लाख रुपये जा चुके थे। जब उसने रुपये वापस मांगे तो निशा में झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद निशा के साथ मनजीत और महिला गोगल भी गिरोह में शामिल हो गई। गत 20 जून को तीनों आरोपितों ने तीन लाख रुपये की डिमांड की। जिस पर उन्होंने राशि देने से मना कर दिया। गत 24 जून को निशा ने उसके नौकर को नए अड्डे पर बुला लिया। जब वह नौकर के साथ कार लेकर पहुंचा तो निशा तथा गोगल उनके साथ कार में बैठ गई। उन्होंने दस लाख रुपये की डिमांड की। रुपये न देने पर दोनों ने दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी दी। जिसकी रिकॉर्डिंग उन्होंने मोबाइल फोन में कर ली। गत 27 जून को उसके नौकर के पास निशा तथा मनजीत का फोन आया और धमकी देते हुए कहा कि अब एक दिन बचा है। उनके पास आकर बात कर लो। जिस पर वे बातचीत के लिए सिविल अस्पताल के पास पहुंचे।

उन्होंने अपनी गाड़ी में मोबाइल को छुपाया हुआ था। तीनों आरोपितो ने गाड़ी से उतर कर बातचीत करने के लिए कहा और समझौत के लिए तीस लाख रुपये नगद तथा निशा को स्थायी नौकरी देने की डिमांड की। आरोपित महिलाओं द्वारा ब्लैकमेल करने तथा डिमांड की गई गई राशि से संबंधित सभी बातें रिकॉर्ड कर ली।

## एआई से फोटो बना समस्या का फर्जी समाधान दिखाने पर एएसआई बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में नगर निगम में लापरवाही और जालसाजी के आरोप सही मिलने पर कमिश्नर ने चार कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। विभागीय जांच में पाया गया कि कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज वशिष्ठ व अंकुर अरोड़ा प्रॉपर्टी आईडी एवं प्रॉपर्टी टैक्स मामलों में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया से हटकर अनावश्यक एवं अवांछित आपत्तियां लगा रहे थे। इससे वास्तविक आवेदनों में अनावश्यक देरी हुई। वहीं, एचकेआरएनएल के तहत नियुक्त सहायक सफाई निरीक्षक वसीम के विरुद्ध जांच में सामने आया कि उन्होंने सार्वजनिक शिकायतों के समाधान का झूठा दावा करने के लिए एआई आधारित तकनीक से फोटो संपादित कर शिकायत पोर्टल पर अपलोड किए। वहीं, सहायक सफाई निरीक्षक सोनू के मामले में जांच में पाया गया कि उन्होंने ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित रहने के बावजूद जीपीएस स्पूफिंग एप का उपयोग कर निगम के उपस्थिति पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज की।

# पुलिस थाने के लॉकअप में युवक की मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में बंद एक युवक की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। करीब 30 वर्षीय युवक सुनील को पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर पकड़ा था। घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सूचना के बाद उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने लॉकअप के अंदर और बाहर दोनों जगहों से साक्ष्य जुटाए। करीब एक घंटे तक जांच के बाद टीम थाने से रवाना हो गई। मृतक के शव का गुरुवार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के बोर्ड द्वारा सीजेएम की निगरानी में पोस्टमार्टम होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा कि सुनील की मौत का क्या कारण है। मृतक सुनील मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के सिरसा गांव का रहने वाला था और वह मछली मार्केट में बाबा चिकन कॉर्नर चलाता था। पुलिस के अनुसार जब सुनील को लॉकअप में बंद किया गया, उस समय बैरक में दो अन्य हवालाती भी मौजूद थे। दोनों का कहना है कि रात के समय सुनील बाथरूम जाने के लिए उठा था। इसके बाद वह वापस आकर सो गया। सुबह जब उसे जगाने की कोशिश की गई तो वह नहीं उठा। थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि हवालात में बंद सुनील कुमार की मौत हो गई है। मंगलवार रात उसका मेडिकल कराने के बाद उसे लॉकअप में रखा गया था। बुधवार सुबह वह मृत मिला। मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी से अक्सर करता था मारपीट, पुलिस हर बार पकड़कर छोड़ देती थी



मृतक की पत्नी संध्या ने कहा कि उसका पति सुनील उसके साथ रोजाना मारपीट करता था। एक दिन उसने उसे छत से धक्का देकर मारने की भी कोशिश की थी। इस संबंध में वह पहले भी पुलिस को शिकायत दे चुकी थी, लेकिन पुलिस हर बार उसे पकड़कर छोड़ देती थी। सुनील ने गत 26 जून को अपनी पत्नी संध्या से मारपीट की थी। इसी आरोप में पुलिस ने उसे मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया था। सुनील के पड़ोसी राजकुमार ने बताया कि उसका अपनी पत्नी के साथ व्यवहार ठीक नहीं था। उसकी पत्नी अच्छी कमाई करती थी, जबकि सुनील घर से पैसे चुराकर शराब पीता था। चार दिन पहले भी सुनील ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी और उसके सिर पर डंडे से वार किए थे। इसके बाद उसकी पत्नी इलाज के लिए अस्पताल गई थी। मंगलवार शाम करीब 4 बजे पुलिस सुनील को हिरासत में लेकर थाने चली गई थी।

**पुलिस ने पैर में गोली मारकर आरोपी को पकड़ा**

## गोल्डी बराड़ गैंग के फरार बदमाश का एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के तरावड़ी क्षेत्र में बुधवार देर रात सीआईए-1 की टीम और गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े एक फरार आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे काबू कर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी की पहचान पानीपत निवासी परमीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उपचार पूरा होने के बाद उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक बुधवार रात सूचना मिली थी कि 29 जून की कार्रवाई के दौरान फरार हुआ आरोपी कुटेल क्षेत्र से बाइक पर गुजरने वाला है और किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलते ही सीआईए-1 की टीम ने हाईवे और आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह तेज गति से भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया तो कुछ दूरी पर आरोपी की बाइक फिसल गई। पुलिस टीम उसके पास पहुंची तो आरोपी ने बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन आरोपी नहीं माना। इसके बाद आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा और पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 29 जून को कुटेल के पास गुप्त सूचना के आधार पर की गई नाकाबंदी के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उनके कब्जे से आठ अवैध पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और एक स्विफ्ट कार बरामद हुई थी। उस दौरान छठा आरोपी परमीत मौके से फरार हो गया था।



## मां की शादी से नाखुश बेटे ने 13 साल बाद सौतेले पिता की कुदाल से की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फर्रुखनगर

पटौदी में एक युवक ने अपने सौतेले पिता के सीने में कुदाल से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। जांच में सामने आया है कि मृतक मनोज ने आरोपी शिवम की मां से 13 साल पहले शादी की थी। आरोपी मां की इस शादी से खुश नहीं था। शादी के बाद से ही वो सौतेले पिता के साथ झगड़ा करता था। घटना के समय भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर जमकर झगड़ा हुआ। इसके बाद आरोपी ने कुदाल से मनोज पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी हैं। मृतक की पहचान मनोज के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के हसलपुर गांव का रहने वाला था। वह वर्तमान में पटौदी में अपने परिवार के साथ रह रहा था।

# तालाब में डूबने से दो किशोरों की मौत

- तालाब में चप्पल गिरने पर निकालने गया किशोर फंसा, दूसरा बचाने गया तो वह भी वापस नहीं लौटा, तीसरे ने ग्रामीणों को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत





पानीपत। पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह के तालाब में डूबने से समीर पुत्र मुकेश और असीस पुत्र बिल्लू की मौत हो गई। मृतकों की उम्र करीब 15 साल है। बताया जा रहा है कि तालाब में गिरी चप्पल निकालने के लिए एक किशोर कूद गया। उसका संतुलन बिगड़ता देखकर दूसरे ने भी छलांग लगा दी। इनके साथ तीसरा किशोर भी था, उसने ग्रामीणों को हादसे की सूचना दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया।

पुलिस ने एक घंटे सर्च अभियान के बाद देर शाम दोनों किशोरों के शव तालाब से बाहर निकाले। दूसरी ओर, गांव सिवाह के सरपंच पति आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि दो किशोर की तालाब में डूबने से मौत हुई है।

### यूपीएससी परीक्षा में असफलता से परेशान युवती ने दी जान

**करनाल।** शिव कॉलोनी में बुधवार को 26 वर्षीय युवती अपने घर में मृत मिली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर रामनगर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि युवती यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। पुलिस के अनुसार हाल ही में परीक्षा में सफलता नहीं मिलने के कारण वह मानसिक तनाव में थी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। रामनगर थाना के जांच अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और फोरेंसिक रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। अभी तक किसी प्रकार की आपराधिक आशंका सामने नहीं आई है, फिर भी पुलिस नियमानुसार मामले की जांच में जुटी हुई है।

**प्रतिभा** **प्रतिष्ठित हरियाणवी कलाकार भाल सिंह के बेटों ने भी मनवाया लोहा**

# बॉलीवुड में बिखरा बल्हारा बंधुओं के सुरों का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंकित बल्हारा और संचित बल्हारा दो भाइयों की एक ऐसी जोड़ी है जो पिछले एक दशक से बॉलीवुड के संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करते आ रही है। इन दोनों भाइयों ने अपने संगीत के सफर की शुरुआत संजय लीला भंसाली की फिल्म बाजीराव-मस्तानी के बैकराउंड म्यूज़िक से की थी। फिल्म बाजीराव-मस्तानी के प्रभावशाली संगीत की सफलता से इन दोनों भाइयों को बहुत सम्मान मिला और इन्होंने कई अवॉर्ड भी जीते, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित सम्मान आईफा अवॉर्ड भी शामिल है। बाजीराव-मस्तानी की अपार सफलता के बाद अंकित बल्हारा और संचित बल्हारा ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

अंकित बल्हारा व संचित बल्हारा सोनीपत जिले के किलोहड़द गांव निवासी तथा हरियाणा के सुप्रसिद्ध कलाकार भाल सिंह बल्हारा के बेटे हैं। हरियाणा में भाल सिंह बल्हारा किसी परिचय के मोहताज नहीं है। ये वही भाल सिंह बल्हारा हैं जिन्होंने चंद्रावल जैसी अनेकों हरियाणवी फिल्मों में अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा और एक नायक के तौर पर भी अनेकों हरियाणवी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। आजकल अंकित बल्हारा और संचित बल्हारा अपने पिता भाल सिंह व हरियाणा की पांच बार की बेस्ट एथलीट अपनी माता मुक्ता के साथ कनाडा में रह रहे हैं।

### फिल्म अल्फा में भी अंकित व संचित ने दिया है संगीत



अंकित बल्हारा व संचित बल्हारा की जोड़ी ने आगे चलकर कई बहुचर्चित फिल्मों को अपने संगीत से संवारा, जिसमें पद्मावत, पठान, मणिकर्णिका, पंगा, वॉर, गंगूबाई काठियावाड़ी आदि शामिल हैं। गौरतलब है कि संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के जादुई संगीत के लिए दोनों भाइयों की इस जोड़ी को बॉलीवुड के सुप्रतिष्ठित पुरस्कार फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया। आगामी 3 जुलाई को अंकित बल्हारा और संचित बल्हारा की फिल्म अल्फा रिलीज होने जा रही है जो कि यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी एक एक्शन पैक्ड फिल्म है, जिसमें बॉबी देओल व आलिया भट्ट जैसे कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है।

चिंतन

# तनाव के बाद राहत की नई शुरुआत

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक शांति बल्कि अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति बाधित होने की आशंका और बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं, लेकिन अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और इसके साथ राहत के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। एक जुलाई से लागू हुए कई बदलाव यह भरोसा दिलाते हैं कि संकट के बाद बेहतर दौर की शुरुआत संभव है। इसे तनाव के बाद राहतों की नई शुरुआत माना जा रहा है। सबसे बड़ी राहत ऊर्जा क्षेत्र से मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटकर करीब 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। इसका असर भारत में भी दिखाई देने लगा है। निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। यह केवल कीमतों में कमी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि वैश्विक परिस्थितियां सामान्य होने का लाभ अब आम उपभोक्ता तक पहुंचने लगा है। अब उम्मीद की जा सकती है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह नियंत्रित रहीं तो अन्य तेल कंपनियां भी जल्द राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। महंगाई पर नियंत्रण की दिशा में एक और सकारात्मक खबर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन 180 रुपये की कमी है। इससे होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों की लागत घटेगी। यदि यह लाभ ग्राहकों तक पहुंचता है तो बाहर खाना, छोटी-बड़ी कैटरिंग और कई सेवाएं अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। डीजल भरवाने की दैनिक सीमा हटने से परिवहन और उद्योग जगत को भी राहत मिलेगी, जिससे माल ढुलाई सुचारू होगी और बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर बनेगी। इसी बीच प्रकृति ने भी राहत का संदेश दिया है। मानसून ने देश के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे दी है। अच्छी बारिश किसानों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आती है। खेतों में हरियाली बढ़ती है, फसल की उम्मीद मजबूत होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। कृषि उत्पादन अच्छा रहने पर खाद्य महंगाई पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। ऐसे में बारिश और ईंधन क्षेत्र से मिली राहत मिलकर अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माहौल तैयार कर सकती है। हालांकि पासपोर्ट शुल्क में बढ़ोतरी और बिना टिकट यात्रा पर जुर्माना बढ़ना कुछ लोगों की जेब पर असर जरूर डालेगा, लेकिन व्यापक तस्वीर देखें तो एक जुलाई कई ऐसे बदलाव लेकर आया है जो अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन में सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। संकट के दौर के बाद ऐसे छोटे-छोटे कदम ही लोगों में विश्वास जगाते हैं कि हालात सुधर रहे हैं। भारत ने हमेशा कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य और संतुलन से किया है। आज भी दुनिया जब भू-राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब राहत के ये संकेत केवल आर्थिक आंकड़े नहीं, बल्कि उम्मीद के प्रतीक हैं। यदि वैश्विक शांति बनी रहती है, कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित रहती हैं और मानसून अनुकूल रहता है, तो आने वाले महीनों में महंगाई पर और लगाम लग सकती है तथा आर्थिक गतिविधियां नई रफ्तार पकड़ सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यदि ईंधन की कीमतों में और कमी आती है, महंगाई नियंत्रित रहती है और कृषि उत्पादन बेहतर होता है, तो यह केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती की नई शुरुआत साबित हो सकती है। आखिरकार किसी भी नीति की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि उसका लाभ आम आदमी की थाली, जेब और जीवन में कितना दिखाई देता है।



कोर्ट का फैसला
प्रमोद भार्गव

# इस्लाम धर्म अपनाने पर आरक्षण नहीं

अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

उच्च न्यायालय मद्रास ने तमिलनाडु सरकार के उस अहम आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत हिंदू धर्म के पिछड़े, अति पिछड़े या अनुसूचित जाति वर्ग के लोग इस्लाम अपनाने के बाद भी 'पिछड़े वर्ग मुस्लिम' का जाति प्रमाण पत्र ले सकते थे। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण पा लेने की इस सुविधा को न्यायालय ने दो टूक शब्दों में असंवैधानिक माना है। अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है।

हमारी राय में कुछ मुस्लिम समुदायों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा मानना कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। दरअसल इस्लाम एक ऐसा समाज बनाना चाहता है, जिसमें सब का दर्जा एक समान रहे। यह ऐतिहासिक फैसला न्यायामूर्ति जीआर स्वामीनाथन और पीबी बालाजी की पीठ ले दिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने तमिलनाडु सरकार के तीन मार्च 2024 के आदेश को आधार बनाया था। इसमें आरक्षित श्रेणियों से धर्मांतरित लोगों को तमिलनाडु में अधिसूचित सात पिछड़े वर्ग के मुस्लिम समूहों में से एक से संबंधित होने का सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता था। सरकार ने अपने आदेश में यह प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग या डी-नोटिफाइड समुदायों से आने वाले व्यक्ति यदि इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की क्षेणी में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। इस सिलसिले में सरकार का तर्क था कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे और सामाजिक संतुलन बना रहेगा, किंतु अदालत ने कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन है। इसी से मिलती-जुलती प्रकृति के एक एक मामले में फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण के लाभ हेतु किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है। सी सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए, मद्रास उच्च न्यायालय के 24 नवंबर के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था, लेकिन इस पीठ ने फैसले में साफ किया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों और धर्म आधारित आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। यदि धर्म परिवर्तन का मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने की बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत इच्छा रखने वाले लोगों को आरक्षण



का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक व्यवहार को क्षति पहुंचेगी। बावजूद सेल्वरानी हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र मांगती है, तब यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है। साफ है, वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान नहीं बनाए रख सकती हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है, परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केंद्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं।

संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकारता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिन्दू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अनुसूचित जातियों के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बने अनुसूचित जाति के लोग केवल नौकरी के लिए फिर से धर्म परिवर्तन कर हिंदू नहीं बन सकते हैं। यह उपाय आरक्षण के मूल उद्देश्य के विरुद्ध होने के साथ संविधान के साथ धोखाधड़ी है। यह उपाय आरक्षण नीति के मौलिक समाजिक लक्ष्यों को कमजोर करता है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
ममता कुशवाहा



# आराम की दौड़ में आखिर सुरक्षा से समझौता क्यों


नोएडा के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में हाल ही में एयर कंडीशनर (एसी) में हुए विस्फोट से लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आधुनिक सुविधाएं यदि सावधानी के साथ न अपनाई जाएं तो वही जीवन के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग पर काबू पाने में दमकल विभाग को कई घंटे लग गए। इससे पहले भी देश के विभिन्न शहरों में एसी फटने या उसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन हादसों ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल तकनीक पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित उपयोग और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था पर भी उतना ही ध्यान देना आवश्यक है। भीषण गर्मी के इस दौर में एयर कंडीशनर अब केवल विलासिता का साधन नहीं रह गया है। पहले जहां एसी केवल बड़े घरों, कार्यालयों या होटलों तक सीमित था, वहीं आज मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों में भी यह आम जरूरत बन चुका है। लगातार बढ़ते तापमान और बदलती जीवनशैली ने एसी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बना दिया है। लेकिन सुविधा का यह साधन तभी तक उपयोगी है, जब तक उसका उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए। जैसे-जैसे एसी का उपयोग बढ़ा है, वैसे-वैसे उससे जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें तकनीकी खामियां, घटिया गुणवत्ता वाले उपकरण, अपर्याप्त रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। यदि समय-समय पर प्रशिक्षित तकनीशियन से एसी की जांच कराई जाए, गैस का स्तर देखा जाए और बिजली की वायरिंग की स्थिति पर ध्यान दिया जाए, तो अधिकांश हादसों को रोका जा सकता है। बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे एक और चिंता का विषय बाजार में उपलब्ध निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कई कंपनियां कम कीमत पर उपकरण बेचने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर लेती हैं। दूसरी ओर उपभोक्ता भी कम कीमत के लालच में बिना प्रमाणित उत्पाद खरीद लेते हैं। ऐसे उपकरणों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता और उनमें प्रयुक्त पुर्जे भी टिकाऊ नहीं होते। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी तकनीकी खराबी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इसलिए उपभोक्ताओं को हमेशा प्रमाणित और भरोसेमंद कंपनियों के उत्पाद ही खरीदने चाहिए। यह समस्या केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी विकास और भवन निर्माण व्यवस्था से भी जुड़ी हुई है। आज महानगरों में ऊंची-ऊंची इमारतें तेजी से बन रही हैं, लेकिन उनमें अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन हमेशा संतोषजनक नहीं होता। परिणामस्वरूप छोटी-सी आग भी भयावह रूप धारण कर लेती है। दमकल विभाग की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। देश के अनेक शहरों में संसाधनों और आधुनिक उपकरणों का अभाव है। ऊंची इमारतों तक पहुंचने वाली हाइड्रोलिक सीढ़ियां और उच्च क्षमता वाले अग्निशमन उपकरण पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। कई बार संकरी सड़कें, अवैध पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात भी दमकल वाहनों के समय पर पहुंचने में बाधा बन जाते हैं। ऐसे में आग पर नियंत्रण पाने में देरी होती है और नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन भी इस समस्या को और गंभीर बना रहा है।

हर वर्ष तापमान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे एसी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ने से विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कई क्षेत्रों में पुरानी वायरिंग और ओवरलोड ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा देते हैं। इसलिए ऊर्जा अवसंरचना को भी समय के अनुरूप आधुनिक बनाना आवश्यक है, ताकि बढ़ती जरूरतों को सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। वास्तव में आधुनिक तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल और आरामदायक बनाना है, न कि उसे संकट में डालना। इसलिए सुविधा और सुरक्षा का संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नोएडा जैसी घटनाएं केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि चेतावनी हैं कि यदि हम अभी भी नहीं चेते तो भविष्य में ऐसे हादसे और बढ़ सकते हैं। सरकार को सुरक्षा मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा, भवन निर्माताओं को अग्नि सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, कंपनियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने होंगे और नागरिकों को जिम्मेदार उपभोक्ता बनना होगा। जब तकनीक के साथ सतर्कता, गुणवत्ता के साथ जिम्मेदारी और सुविधा के साथ सुरक्षा भी जुड़ जाएगी, तभी आधुनिक जीवन वास्तव में सुरक्षित, सुखद और विश्वासपूर्ण बन सकेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुःख नहीं आएंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

अंतर्मन




आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- मनीषा अग्रवाल, हिसार*

ट्रेंड

### विजया मेहता को श्रद्धांजलि



दिग्गज अभिनेत्री और थिएटर डायरेक्टर विजया मेहता के निधन की खबर दिल तोड़ने वाली है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। विजया ताई ने कई नाटकों और फिल्मों के ज़रिए अहम योगदान दिया।
- **नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### इज़राइल दौरा



हम इज़राइल के रणनीतिक दायरे में और गहरे धंसते जा रहे हैं, जबकि दुनिया उससे तेज़ी से दूर हो रही है। प्रधानमंत्री का इज़राइल दौरा एक हैरान करने वाले रणनीतिक फैसले के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### नई ईवी पॉलिसी



दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी को आधिकारिक तौर पर गैज़ेट में नोटिफाई कर दिया गया है और यह अब लागू हो गई है। आज से, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने वालों को 30,000, थ्री-व्हीलर को 50,000 और एन1 कैटेगरी के हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 1 लाख की सब्सिडी मिलेगी।
-**रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### विकास का अगला चरण



इस साल असम में बिजली की अधिकतम मांग के 3,000 एमडब्ल्यू से ज़्यादा होने की उम्मीद है, इसलिए हम राज्य को बिजली के मामले में सरप्लस बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम असम को विकास के अगले चरण के लिए तैयार कर रहे हैं।
- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

करंट अफेयर

## अमेरिकी डाक सेवा दिवाली पर जारी करेगी डाक टिकट



अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) ने दिवाली के त्योहार पर आधारित एक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। यह टिकट इस वर्ष के अंत में जारी किया जाएगा। दिवाली के इस डाक टिकट पर ह्यूस्टन की कलाकार संगीता भूटाडा द्वारा बनाई गई रंगोली की आकृति है जिसकी तस्वीर बिनय दीक्षित ने ली थी। यूएसपीएस ने कहा कि रंगोली फर्श पर की जाने वाली एक खूबसूरत कलाकारी है जिसे पारंपरिक रूप से चावल के रंगीन पाउडर, चॉक और फूलों की पंखुड़ियों जैसी सामग्री से बनाया जाता है तथा इसे शुभ माना जाता है। यूएसपीएस के अनुसार, भूटाडा मूल रूप से भारत की रहने वाली हैं और लंबे समय से ह्यूस्टन क्षेत्र में रह रही हैं। वह करीब 30 वर्षों से रंगोली की प्राचीन लोककला से जुड़ी हुई हैं। इस डाक टिकट को जेनिफर अर्नोल्ड ने डिजाइन किया है और विलियम जे. गिकर इसके कला निदेशक हैं। यूएसपीएस ने बताया कि दिवाली पर आधारित यह डाक टिकट अक्टूबर में जारी किया जाएगा। यूएसपीएस ने कहा, 'हिंदू पंचांग के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में शामिल दिवाली हर वर्ष शरद ऋतु में मनाई जाती है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली आमतौर पर पांच दिन तक मनाई जाती है। वर्ष 2026 में त्योहार का मुख्य दिन आठ नवंबर को होगा।'

ऑफ बीट

## कैसे साफ किया जा सकता है अंतरिक्ष में मौजूद कचरा



सत्तर साल पहले पृथ्वी का सिर्फ एक ही प्राकृतिक उपग्रह था- चंद्रमा। आज पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों की संख्या 15,000 से अधिक हो चुकी है, जिनमें से लगभग 10,000 एलन मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' के हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की योजना 10 लाख और उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की है। इनमें से प्रत्येक की लंबाई लगभग 70 मीटर और चौड़ाई करीब 20 मीटर होगी तथा ये मिलकर अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों के रूप में काम करने वाला एक विशाल उपग्रह समूह बनाएंगे। अंतरिक्ष कचरे से आशय पृथ्वी की कक्षा में मौजूद उन सभी वस्तुओं से है, जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया है। इनमें इस्तेमाल हो चुके रॉकेट के हिस्से, निष्क्रिय या क्षतिग्रस्त उपग्रह तथा अति सूक्ष्म कण भी शामिल हैं। वर्तमान में पृथ्वी की कक्षा में 10 सेंटीमीटर से बड़े कचरे के करीब 36,000 टुकड़े हैं, जबकि इससे छोटे कणों की संख्या करोड़ों में है। अनुमान है कि इस पूरे मलबे का कुल वजन 13,486 टन है। इस मलबे में सबसे बड़ा योगदान अमेरिका, रूस और चीन का है। अंतरिक्ष मलबा इसलिए बेहद खतरनाक है क्योंकि यह लगभग सात किलोमीटर प्रति सैकंड की औसत गति से पृथ्वी की निचली कक्षा में घूम रहा होता है। इतनी तेज गति से होने वाली एक टक्कर किसी उपग्रह को पूरी तरह तोड़ सकती है तथा उससे और भी अधिक अंतरिक्ष मलबा पैदा हो सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# मैक्सिको ने 40 साल बाद जीता नॉकआउट मुकाबला

**इक्वाडोर को 2-0 से पीटा, एज्टेका में अजेय रथ जारी**



एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी

जूलियन क्विनोन्स और राउल जिमेनेज ने पहले हाफ में 9 मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे मैक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई और नॉकआउट चरण में जीत हासिल करने के 40 साल के सूखे को खत्म किया।

क्विनोनेस ने 22वें मिनट में मैक्सिको के लिए पहला गोल किया जबकि जिमेनेज ने 31वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। प्रतिष्ठित एज़्टेका स्टेडियम में मैक्सिको की टीम ने 10 विश्व कप मैचों में अजेय रहने का रिकॉर्ड बनाया है। इस मैदान पर मैक्सिको को केवल दो हार का सामना करना पड़ा है।

### अंतिम 16 में लगातार सात बार हारा मैक्सिको

मैक्सिको की टीम ने 1986 में टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए राउंड ऑफ 16 में बुल्गारिया को हराने के बाद से नॉकआउट चरण का कोई मैच नहीं जीता था। इसके बाद मैक्सिको को 1994, 1998, 2002, 2006, 2010, 2014 और 2018 के विश्व कप में अंतिम 16 में लगातार सात बार हार का सामना करना पड़ा। वह कतर में 2022 में खेले गए विश्व कप में ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। मैक्सिको रविवार को अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड और कांगो के बीच बुधवार को होने वाले मैच के विजेता का सामना करेगा।

# नॉकआउट के नए 'किंग' एमबाप्पे, रचा कीर्तिमान

*स्टार फुटबॉलर काइलियन एमबाप्पे ने फ्रांस की स्वीडन के खिलाफ 3-0 से जीत में दो गोल करके विश्व कप के नॉकआउट राउंड में सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया, जिससे वह फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक गोल करने के लियोनेल मेस्सी के रिकॉर्ड के करीब भी पहुंच गए।*



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एमबाप्पे ने 45वें मिनट में एक शानदार क्रॉसओवर शॉट से फ्रांस को बढ़त दिलाई। यह विश्व कप के नॉकआउट राउंड में उनका नौवां गोल था, जो विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज लियोनिडास और रोनाल्डो (दोनों आठ-आठ गोल) को पीछे छोड़ा।

वह यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने मैच के 74वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके विश्व कप नॉकआउट राउंड में अपने कुल गोल की संख्या 10 तक पहुंचा दी। इस गोल से एमबाप्पे के मौजूदा टूर्नामेंट में अब छह गोल हो गए हैं और उन्होंने सर्वाधिक गोल करने के लिए मिलने वाले गोल्डन बूट की दौड़ में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेस्सी की बराबरी कर ली है।

### मेस्सी के रिकॉर्ड से बस 1 गोल पीछे एमबाप्पे

विश्व कप करियर में उनके कुल गोल की संख्या 18 हो गई है, जो मेस्सी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक कम है। एमबाप्पे ने विश्व कप में अब तक कुल 18 जबकि मेस्सी ने 29 मैच खेले हैं। फ्रांस अब अपने अगले मैच में पराग्वे का सामना करेगा। एमबाप्पे से जब मैदान से बाहर आते समय पूछा गया कि क्या वह पराग्वे का सामना करने के लिए पहले से ही उत्साहित हैं, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'मैं चेंजिंग रूम और एसी में जाने के लिए बेताब हूं।' एमबाप्पे ने यह टिप्पणी भीषण गर्मी को लेकर की। यह मैच जब शाम को पांच बजे शुरू हुआ तब तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था और उमस भी काफी थी।

### विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं: एमबाप्पे

*एमबाप्पे ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा था कि मैं इस विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैंने पिछले विश्व कप का आनंद नहीं लिया, लेकिन तब मैं युवा था। मेरा ध्यान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था लेकिन अब मुझे विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करने के साथ खेल का आनंद भी ले सकता हूं।'*

### फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराया

काइलियन एमबाप्पे के दो गोल की मदद से फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में जगह बनाई, जहां उसका सामना पराग्वे से होगा। फ्रांस के लिए ब्रैडली बारकोला ने भी 53वें मिनट में एक गोल किया। एमबाप्पे ने 74वें मिनट में टीम की तरफ से तीसरा गोल दागकर उसकी जीत सुनिश्चित कर दी। चार साल पहले विश्व कप में उपविजेता रही और इस बार टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार फ्रांस ने अब तक टूर्नामेंट में 13 गोल किए हैं और उसके खिलाफ केवल दो गोल हुए हैं। उसकी तरफ से माइकल ओलिस ने पांच गोल में मदद की है। फ्रांस ने मैच में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और स्वीडन को किसी भी समय वापसी का खास मौका नहीं दिया। फ्रांस ने इस मैच में 25 बार गोल करने के मौके बनाए जबकि स्वीडन केवल सात बार भी ऐसा कर पाया। पहले हाफ में यह आंकड़ा 15-3 का था।

लगातार तीसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने की कवायद में लगा फ्रांस 4 जुलाई को फिलाडेल्फिया में पराग्वे के खिलाफ खेलेगा, जिसे जर्मनी को बाहर का

# उलटफेर का शिकार होने से बची इंग्लैंड, कांगो को 2-1 से हराया

**अंतिम 16 में प्रवेश किया, अब मैक्सिको से होगी भिड़ंत**



सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

- हैरी केन रहे जीत के हीरो, दो गोल दाग दिलाई विजय
- इंग्लैंड की टीम राउंड ऑफ 16 में पहुंची, आगे राह मुश्किल

फीफा विश्व कप 2026 में इंग्लैंड की फुटबॉल टीम उलटफेर का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। डीआर कांगो के खिलाफ मैच के 74वें मिनट तक इंग्लिश टीम पीछे थी। पहली बार टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट खेल रहे डीआर कांगो ने सितारों से सजी इंग्लैंड की टीम को कड़ी टक्कर दी। लेकिन अंत में इंग्लैंड को 2-1 से जीत मिली। 1974 के बाद डीआर कांगो की टीम फीफा विश्व कप में खेल रही है। इस जीत ने इंग्लैंड को राउंड ऑफ 16 में जगह दिला दी है। जहां उसका सामना मैक्सिको से होगा। डीआर कांगो ने मैच के 7वें मिनट में ही बढ़त बना ली थी। ब्रायन सिपेंगा ने टीम की तरफ से यह गोल दागा। सिपेंगा ने बाईं ओर से मिले गेंद को अपने कब्जे में लिया और जोरदार शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। डीआर कांगो के कप्तान चांसेल मबेम्बा ने यह गोल असिस्ट किया था। इस गोल के बाद इंग्लैंड ने काफी हमले किए लेकिन कांगो के डिफेंस को नहीं भेद पाई। गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने एक के बाद एक जबरदस्त बचाव किए।

### हैरी केन ने 75वें और 86वें मिनट में गोल किए

इंग्लैंड की तरफ से कप्तान हैरी केन ने दोनों गोल दागे। 75वें मिनट में एंथनी गॉर्डन ने केन की तरफ एरियल पास किया। उन्होंने इसे हेडर से गोल पोस्ट के अंदर दाल दिया। लियोनेल पूरी कोशिश करने के बाद भी इसे नहीं रोक पाए। 86वें मिनट में केन ने गोलकीपर की बाईं ओर जोरदार शॉट लगाकर गोल मारा। इस दौरान लियोनेल म्पासी को हिलने का भी समय नहीं मिला।

### महान पेले को पछाड़ा

फीफा विश्व कप इतिहास में हैरी केन के 13 गोल हो गए हैं। वह सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में संयुक्त रूप से छठे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने ब्राजील के महान पेले को भी पीछे छोड़ दिया है। 14 मैचों में पेले के टूर्नामेंट में 12 गोल है। केन का यह 15वां मैच था। उनके 13 हो गए हैं।

## खबर संक्षेप



### अंडर-19 : श्रीलंका के खिलाफ 3 वनडे खेलेंगी भारतीय टीम

**कोलंबो।** विमथ दिनसारा भारत के खिलाफ होने वाली अंडर-19 श्रृंखला में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे जबकि कवीजा गमागे को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत इस दौरे में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और 2 मैचों की चार दिवसीय श्रृंखला खेलेगा। एक दिवसीय मैच 4, 6 और 9 जुलाई को हंबनटोटा में खेले जाएंगे। पहला चार दिवसीय मैच 13 जुलाई से गॉल में और दूसरा मैच 20 जुलाई से कोलंबो में खेला जाएगा।

### 25 जुलाई से डूरंड कप हिस्सा लेंगी 24 टीमें

**कोलकाता।** डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में इस साल 24 टीम हिस्सा लेंगी, जिनमें से सात टीम पदार्पण कर रही हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले 25 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच शहरों में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 25 जुलाई को कोलकाता में होगी। इसके अलावा अगले चार हफ्तों में रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में भी मैच खेले जाएंगे। फाइनल कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में होगा।

### क्रिकेटर श्रीसंत पर लगा 3 साल का बैन हटा



**तिरुवनंतपुरम।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एस श्रीसंत पर पिछले साल लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध को हटा लिया। यह प्रतिबंध केसीए के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण लगाया गया था। केसीए के बयान के मुताबिक उसकी आम सभा की विशेष बैठक में प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। बयान में कहा गया, 'बैठक में सर्वसम्मति से प्रतिबंध हटाने का फैसला किया गया।

**विंबलडन**

# चार साल बाद सेरेना की कोर्ट पर वापसी, दर्शकों का उत्साह चरम पर

एजेंसी ▶▶| लंदन



लगभग 4 साल में अपना पहला एकल मैच खेलने वाली सेरेना विलियम्स को विंबलडन में वापसी पर भले ही हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने खेल का पूरा आनंद लिया और इस बीच दर्शकों का उत्साह भी चरम पर था। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी ने जैसे ही सेंटर कोर्ट पर कदम रखा तो उत्साह और बढ़ गया। 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना ने विंबलडन के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से 6-3, 6-7 (6), 6-3 से हारने के बावजूद सराहनीय प्रदर्शन किया। उनकी दोनों बेटियां उनका उत्साह बढ़ा रही थीं। मैच समाप्त होने के बाद सेरेना तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मुस्कुराते हुए मैदान से बाहर चली गईं।

### 120 मील प्रति घंटे की गति से सर्विस

सेरेना ने मैच के दौरान दिखाया कि वह अब भी 120 मील प्रति घंटे से अधिक की गति से सर्व कर सकती हैं और अपने ग्राउंडस्ट्रोक से अंक हासिल कर सकती हैं। हालांकि उनके लिए मूवमेंट एक समस्या थी। यही वजह थी 87वीं रैंकिंग की खिलाड़ी जॉइंट ने अमेरिकी खिलाड़ी की पहुंच से बाहर शॉट मारकर अधिक अंक जीतने में सफल रही। सेरेना अब महिला युगल मैच में अपना भाग्य आजमाएगी, जहां उन्होंने अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ जोड़ी बनाई है।

### विंबलडन: दूसरे दौर में पहुंचे जिज़ू बर्ग्ज, हम्बर्ट को दी मात



**लंदन(एजेंसी)।** जिज़ू बर्ग्ज ने 48 घंटे से भी कम समय में दूसरी बार यूगो हम्बर्ट की चुनौती का सामना किया। इस बार यह मुकाबला विंबलडन के ऑल-इंग्लैंड क्लब में पुरुषों के सिंगल्स के पहले राउंड में हुआ, जिसमें उन्होंने ईस्टबोर्न फाइनल में मिली अपनी जीत को दोहराया। बर्ग्ज ने नंबर 27 सीड खिलाड़ी के खिलाफ शानदार शुरुआत की। जब हम्बर्ट ने वापसी की कोशिश की, तो बर्ग्ज डटे रहे और कोर्ट 17 पर 6-2, 7-5, 4-6, 3-6, 6-3 से जीत हासिल की। बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने रविवार को ईस्टबोर्न फाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद हम्बर्ट को हराया था।

# आईसीसी रैंकिंग: ईशान बने नंबर-1 बल्लेबाज, अभिषेक को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन ने जारी आईसीसी की पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। किशन (876 रैंकिंग अंक) के शीर्ष पर पहुंचने में इसी साल हुए टी20 विश्व कप में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है।

विश्व कप में बाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उन्हें कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ हुए मुकाबले में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। अभिषेक (869) लगभग 12 महीने तक शीर्ष पर रहे। किशन और अभिषेक से पहले भारतीय खिलाड़ियों में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 848 अंक के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।



### तिलक छठे स्थान पर काबिज

नवीनतम सूची में भारत के नए उपकप्तान तिलक वर्मा (747) छठे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों में भारत के वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह एक-एक स्थान के नुकसान से क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं।

### गिल को एक स्थान का फायदा

पुरुषों की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ट्रेविस हेड शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि जो रूट तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के फायदे से छठे पायदान पर हैं जबकि यशस्वी जायसवाल एक स्थान नीचे खिसककर नौवें स्थान पर हैं। शीर्ष 10 से बाहर बल्लेबाजों में ऋषभ पंत 13वें स्थान के साथ सबसे अच्छी रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। गेंदबाजों में बुमराह भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं।

# भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द

एजेंसी ▶▶| चेस्टर-ली-स्ट्रीट

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला बेनतीजा रहा। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में लगातार बारिश के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू ही नहीं हो सकी। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए थे। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। संजू सैमसन सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। ईशान किशन रनआउट होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर पारी संभाली।

अभिषेक ने 24 गेंदों में 59 रन की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बतौर कप्तान अपना पहला अर्धशतक जमाया। उन्होंने 68 रन की पारी में 6 चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी में शिवम दुबे 21 गेंदों पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे।

# अंडर-20 एशियन कुश्ती : धीरज और नीरज ने जीते कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

थाईलैंड में आयोजित की जा रही अंडर-20 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में भारतीय पहलवानों का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रतियोगिता के दौरान देश के दो होनहार युवा खिलाड़ियों ने मैट पर अपने बेहतरीन दांव-पेंच का लोहा मनवाते हुए देश की झोली में दो कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक डाले हैं। प्रतियोगिता के ग्रीको रोमन स्टाइल के 77 किलोग्राम भारवर्ग में धीरज मलिक ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर



धीरज मलिक।



नीरज पटेल।

कब्जा किया। वहीं, दूसरी ओर 55 किलोग्राम भारवर्ग में मध्यप्रदेश के नीरज पटेल ने अपने जबरदस्त तकनीकी कौशल और सूझबूझ का परिचय देते हुए विरोधी को चित किया और देश के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस अंतरराष्ट्रीय सफलता पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि अंडर-20 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में धीरज मलिक और नीरज पटेल की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि हमारी जमीनी स्तर की प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ग्रीको रोमन शैली में पदक जीतना यह दर्शाता है कि हमारे पहलवान अब हर फॉर्मेट में खुद को मजबूत कर रहे हैं।

**एशिया जूनियर चैंपियनशिप: तन्वी पत्री की पुरवांतो पर आसान जीत**

# संतोष ने किया उलटफेर, छठे वरीय प्रेमपुंगपोंग को हराया

एजेंसी ▶▶| यात्सुशिरो

ध्यान संतोष ने थाईलैंड के छठी वरीयता प्राप्त पुन्नातात प्रेमपुंगपोंग को हराकर उलटफेर करते हुए बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के पहले दौर में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की। संतोष ने लड़कों के एकल वर्ग के पहले दौर में प्रेमपुंगपोंग को 21-17, 21-18 से हराया।

### रूपारेलिया ने रांडिलिगामा को दिखाया बाहर का रास्ता

तन्वी पत्री ने लड़कियों के एकल वर्ग के शुरुआती दौर में इंडोनेशिया की क्रिस्टाबेल पुरवांतो के खिलाफ 21-18, 21-6 की आसान जीत दर्ज की जबकि पांचवीं वरीयता प्राप्त रूपारेलिया ने श्रीलंका की पमुदु रांडिलिगामा को 21-13, 16-21, 21-7 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आदर्शिनी श्री ने मलेशिया की ली के शिन को 21-12, 21-12 से हराया लेकिन अभिनव गर्ग को मलेशिया के लुकास ली के खिलाफ 13-21, 22-24 से हार का सामना करना पड़ा।



तन्वी पत्री

### कनाडा ओपन : अच्युतादित्य अर्जुन की जोड़ी बाहर

**मार्खम।** अच्युतादित्य राव डोड्डावरपु और पोचना अर्जुन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सीधे गेम में हारकर कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 प्रतियोगिता के पहले दौर में कनाडा के केविन ली और टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से केवल 23 मिनट में 9-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की निगाहें पुरुष एकल स्पर्धा में चौथी वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत पर टिकी हैं, जो पहले दौर में मलेशिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया का सामना करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप, देविका सिहाग, अनमोल खरब, थारुन मन्नेपल्ली, सनीथ दयानंद और तान्या हेमंत अपनी चुनौती पेश करेंगे।

टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# सेमीफाइनल में अभिनंद- दिव्यांशी



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

पीबी अभिनंद और दिव्यांशी भौमिक की भारत की शीर्ष वरीय अंडर-19 मिश्रित जोड़ी ने एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में चीन के यिरेन तांग और यियी जियांग पर 11-9, 11-6, 11-7 की शानदार जीत के साथ अभिनंद और दिव्यांशी ने ना केवल अंतिम चार में जगह पक्की की बल्कि इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैंपियनशिप में देश के लिए कम से कम कांस्य पदक भी पक्का कर लिया।

अभिनंद और दिव्यांशी सेमीफाइनल में थिताफत प्रीचायान और कुलापास्त्र विजितविरियागुल की थाईलैंड की जोड़ी से भिड़ेगी। स्थानीय जोड़ी को घरेलू दर्शकों का समर्थन तो मिलेगा लेकिन टूर्नामेंट की शीर्ष वरीय जोड़ी को रोकना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। प्रियनुज भट्टाचार्य और सिंड्रेला दास की भारत की दूसरी मिश्रित युगल जोड़ी ने भी प्रभावित किया लेकिन वे क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए।




## खबर संक्षेप

### दीक्षित बने भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भारतीय वायु सेना के नए और 51वें उप प्रमुख बनाए गए हैं। उन्होंने एयर मार्शल नागेश कपूर का स्थान लिया है। इससे पहले वे एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे थे। उससे पहले वे केंद्रीय वायु कमान के वायु अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ थे। आशुतोष दीक्षित दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में, उनके पास विभिन्न लड़ाकू जेट विमानों पर 3300 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है।और उन्होंने विभिन्न कमान एवं स्टाफ पदों पर कार्य किया है। जिन्होंने एचपीटी-32, एएन-32, एवीआरओ, किरण, जगुआर, आईएल-78 और हॉक विमान उड़ाए हैं।

### 'ग्रेट इमिग्रेंट्स-2026' सूची में 4 भारतीयों को स्थान



**ह्यूस्टन।** साइबर सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े निकेश अरोड़ा और हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर महजरीन बनजी सहित चार भारतीय-अमेरिकियों को वर्ष 2026 के लिए 'कार्नेगी कॉर्पोरेशन ऑफ न्यूयॉर्क' की प्रतिष्ठित 'ग्रेट इमिग्रेंट्स, ग्रेट अमेरिकन्स' सूची में स्थान मिला है। इस सूची में शामिल अन्य सम्मानित भारतीय-अमेरिकी हस्तियों में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर डॉ. संजीव चोपड़ा और 'वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स' की अध्यक्ष एवं सीईओ रेशमा केवलरमानी शामिल हैं। वर्ष 2026 की इस सूची में 21 देशों के 25 ऐसे नागरिकों को स्थान दिया गया है, जिन्होंने अमेरिका की नागरिकता प्राप्त की है।

### जेएएसी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर गिरफ्तार, रावलकोट में प्रदर्शनकारियों ने दी चेतावनी

# पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं, दमन नहीं रुका तो भारत में शामिल हो जाएंगे

*पीओके में नागरिक विद्रोह का नेतृत्व कर रहे नागरिक अधिकार आंदोलनकारी सरदार अमन खान ने संकेत दिया कि मौजूदा हालात ऐसे बने रहे, तो स्थानीय लोग भारत के साथ घनिष्ठ संबंध तलाश सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पीओके की सीमाएं खुल सकती हैं*

एजेंसी ▶▶ रावलकोट

**पीओके में जेएएसी के 600 से ज्यादा नेता कार्यकर्ता हिरासत में**

**नवाज मीर पर पाकिस्तान ने एक करोड़ रुपये का इनाम रखा था**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में इस्लामाबाद के नियंत्रण को बड़ा झटका लगा है। महंगाई, आर्थिक संकट, जरूरी खाद्य पदार्थों और राशन की आपूर्ति पर रोक व प्रशासनिक विफलता से भड़के हजारों प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान को सीधी चुनौती देते हुए मंच से खुलेआम कहा कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। अगर उनके दमन का सिलसिला नहीं रुका, तो वे स्थायी रूप से भारत के साथ जाने पर विचार कर सकते हैं।



शौकत नवाज मीर

पाकिस्तान के प्रशासनिक दमन के खिलाफ पीओके के रावलकोट के ईदगाह मैदान में हजारों लोग 22 दिन से आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) की अगुआई में चल रहा है। जेएएसी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर को दो साथियों के साथ धीरकोट के सांगर फत्तारे इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पीओके में जेएएसी के 600 से ज्यादा नेता और कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया है। शौकत नवाज मीर समेत जेएएसी के नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना देने वालों के लिए पाकिस्तान सरकार ने 1 करोड़ के इनाम की घोषणा की थी।



रावलकोट में प्रदर्शन करते लोग

### पाकिस्तान की जरूरत नहीं: अमन खान

पीओके में नागरिक विद्रोह का नेतृत्व कर रहे नागरिक अधिकार आंदोलनकारी सरदार अमन खान ने ईदगाह मैदान में उमड़े जनसैलाब के सामने कहा कि पीओके पाकिस्तान का नहीं है। हमें पाकिस्तान की जरूरत नहीं है, बल्कि पाकिस्तान को अपने अस्तित्व के लिए पीओके की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि हमें आपके राशन की जरूरत नहीं, आपको हमारी जरूरत है। अगर जरूरी सामान की सप्लाई बंद रही तो लोग जिंदा रहने के लिए दूसरा रास्ता चुनने को मजबूर होंगे।

### पीओके की खोल देंगे सीमाएं

नौ जून से प्रदर्शनकारियों का एक समूह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास धरने पर है। अमन खान ने संकेत दिया कि मौजूदा हालात ऐसे बने रहे, तो स्थानीय लोग भारत के साथ घनिष्ठ संबंध तलाश सकते हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि पीओके की सीमाएं खुल सकती हैं और ऐसा हुआ, तो इस्लामाबाद को पीओके के लोगों से रुकने की भीख मांगनी पड़ेगी। अमन खान का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार आंदोलन को दबाने के लिए जानबूझकर जरूरी सामान की सप्लाई रोक रही है।

### आंदोलन, अब राजनीतिक मुद्दा बना

*पीओके में दशकों के राजकीय दमन, महंगाई व प्रशासनिक उपेक्षा के खिलाफ 38 सूत्रीय मांगों को लेकर जन विद्रोह शुरू हुआ है। वे पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहे हैं। अब यह पाकिस्तान सरकार के खिलाफ राजनीतिक विरोध का रूप ले चुका है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रावलकोट और मीरपुर के लोगों को 'असल कश्मीरी नहीं' बताया था। इसके बाद विरोध और बढ़ गया। जेएएसी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत केस भी दर्ज किए गए हैं।*

### आजादी मिलने तक जन विद्रोह नहीं थमेगा

*आवाज दबाने के लिए नागरिकों पर जुल्म किया जा रहा है। सरकार ने 5 जून को जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से इलाके में तनाव लगातार बढ़ रहा है। पीओके प्रवासी विद्रोह के समर्थन में अलग-अलग देशों में पाकिस्तानी दूतावासों और उच्चायोगों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, आंदोलनकारियों ने साफ कह दिया है कि यह विद्रोह मुजफ्फराबाद समेत सभी हिस्सों के पाकिस्तानी कब्जे से आजादी मिलने से पहले नहीं थमेगा।*

### इंटरनेट बंद, 22 मौतों का दावा

*पीओके की जमीनी हकीकत दुनिया के सामने न आए, इसके लिए पाकिस्तानी सरकार ने 5 जून से क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं बंद कर रखी हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आंदोलन की तस्वीरें और वीडियो बाहर जाने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पिछले दो हफ्तों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में कम से कम 22 लोगों की मौत हुई है।*

## तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचीं जापानी पीएम ताकाइची

- पीएम मोदी के साथ आज होगी बैठक, कई अहम समझौतों पर किए जाएंगे हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची बुधवार को अपनी तीन दिवसीय (1 से 3 जुलाई तक) भारत यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंच गई हैं। यहां पालम हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उनका स्वागत (रेड कार्पेट) किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि जापान की प्रधानमंत्री की यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और अधिक आगे अपनी तीन दिवसीय यात्रा बढ़ाने की दिशा में उठाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यहां बता दें कि जापान की पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद ताकाइची की यह पहली भारत यात्रा है।

## वेनेजुएला में मारे गए भारतीय के ब्रेन, फेफड़े, दिल निकाले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- पोस्टमॉर्टम में शरीर पर 22 कट मिले, 55 दिन पहले शिप पर मौत हुई थी
- परिजनों ने की निष्पक्ष जांच और मुआवजे की मांग



वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले भारतीय मर्चेंट नेवी के नाविक राकेश चौहान (33) की मौत को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी राकेश के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शव भारत पहुंचने के बाद कराए गए दूसरे पोस्टमॉर्टम में उनके शरीर से ब्रेन, दिल, फेफड़े, लीवर, किडनी समेत कई अंदरूनी अंग गायब मिले। परिवार का यह भी दावा है कि शरीर पर गर्दन से नीचे तक एक कान से दूसरे कान तक कुल 22 टांके पाए गए। परिवार के अनुसार, 7 मई को कंपनी ने सूचना दी थी कि राकेश जहाज पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अगले दिन बताया गया कि उनके बचने की संभावना केवल पांच प्रतिशत है, लेकिन उसी शाम कंपनी ने उनकी मौत की सूचना दे दी। कंपनी ने दावा किया था कि गिरने के बाद इलाज के दौरान हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई। परिजनों का कहना है कि भारत आने के बाद पहले केवल शव का परीक्षण किया गया, लेकिन देवरिया जिला प्रशासन के निर्देश पर दोबारा पोस्टमॉर्टम कराया गया। इस दौरान कई अंदरूनी अंग गायब होने और विसरा नहीं मिलने की बात सामने आई, जिससे मौत के कारणों की फोरेंसिक जांच भी संभव नहीं हो सकी। राकेश की पत्नी रंजना सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पति की सुनियोजित साजिश के तहत हत्या की गई और अंग निकाल लिए गए।


### वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में बनाई कृत्रिम सेल्स

## यह कोशिका खाना खाती है, खुद ही बढ़ती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैज्ञानिक लंबे समय से एक ऐसी प्रक्रिया खोजने का सपना देख रहे हैं जिससे केमिकल को जीवन में बदला जा सके। वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में ऐसी कृत्रिम कोशिकाएं बनाई हैं, जो भोजन खाती हैं, बड़ी होती हैं और अपनी संख्या भी बढ़ाती हैं और भोजन के लिए एक-दूसरे से मुकाबला करती हैं। इन सूक्ष्म लैब-निर्मित संरचनाओं को 'स्पडसेल' नाम दिया गया है। इन्हें बिना किसी जीवित जीव के उपयोग के, सीधे बुनियादी रसायनों और गैर-जीवित पदार्थों से बनाया गया है।

यूनिवर्सिटी ऑफ़ मिनेसोटा की एक टीम ने घोषणा की कि उसने इस लक्ष्य की ओर एक बड़ा कदम उठाया है। भले ही ये कोशिकाएं अभी पूरी तरह से जीवित नहीं हैं, लेकिन इनमें जीवन के ज़्यादातर लक्षण मौजूद हैं। इस रिसर्च का नेतृत्व करने वाली सिंथेटिक बायोलॉजिस्ट केट अडमाला ने कहा कि जीवन कोई 'हां या ना' (बाइनरी) वाली चीज़ नहीं है। इसीलिए मैं इन्हें 'जीवित' कहने से हिचकिचाती हूं।



- लैब-निर्मित संरचनाओं को 'स्पडसेल' नाम दिया
- कोशिकाओं की संरचना को समझने में मिलेगी मदद

इसके बीच कोई साफ लकीर नहीं है, भले ही हम चाहें कि ऐसा हो। जॉन ग्लास, जो एक सिंथेटिक बायोलॉजिस्ट हैं, ने कहा कि अब तक वैज्ञानिक ऐसी कोशिका बनाने का तरीका नहीं खोज पाए थे जो इतने सारे काम कर सके। वैज्ञानिकों की यह खोज कोशिकाओं की संरचना को समझने और काम करने के तरीके और विकसित होने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। वैज्ञानिक लंबे समय से ऐसी कोशिकाओं की खोज में लगे हैं कि वे मनुष्य को स्वस्थ्य रहते हुए उनकी उम्र बढ़ा सकें।

## जैन मुनि और खरगे को खामेनेई के अंतिम संस्कार का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मौके पर ईरान ने भारत के कई बड़े सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। इनमें भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नबीन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अंतिम संस्कार में शामिल होने का न्योता दिया है।

- अंतिम संस्कार में 1.2 करोड़ से 2 करोड़ लोगों के शामिल होने का अनुमान

इससे पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा था। भारत सरकार की ओर से बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैय्यद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा भी अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। ईरान ने जैन संत और अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला है। यह कार्यक्रम 4 और 5 जुलाई को तेहरान में होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय की ओर से भेजे गए निमंत्रण पत्र में कहा गया है कि भारत और ईरान के ऐतिहासिक रिश्तों को देखते हुए आचार्य लोकेश मुनि की मौजूदगी दोनों देशों के बीच गहरे सम्मान और मित्रता का प्रतीक होगी। ईरानी मीडिया के मुताबिक, अंतिम संस्कार में 1.2 करोड़ से 2 करोड़ लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसी वजह से पूरे तेहरान में सुरक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं। शहर में कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी सीमित रहेगी।

### ईरान के विदेश मंत्री अराघची की अमेरिका को दो टूक

# तेल अवीव के चहेतों को काबू करो, वरना अंजाम बुरा होगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ वॉशिंगटन

ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने सर्वोच्च नेता पर इजराइल की टिप्पणी की कड़ी आलोचना की और अमेरिका को धमकी दी है कि अपने तेल अवीव वाले पालतू जानवर को काबू में रखें, नहीं तो इसका अंजाम बुरा होगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कार्टज के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को मौत के लिए निशाना बनाया गया है।

**इजराइल को यूएस की बात माननी होगी**



जेडी वेंस



सैय्यद अब्बास अराघची

### ... तो हम सबक सिखाएंगे

अराघची ने कहा कि इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन की शर्तें बिल्कुल स्पष्ट और सबके लिए सार्वजनिक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तेल अवीव में अपने चहेतों को चुप कराने का वादा किया है। अगर वे अपने आका की अवहेलना करते हैं, तो ईरान उन्हें सबक सिखाएगा। कार्टज ने ईरानियों को अच्छा व्यापारी बताया था जो बातचीत में रियायतें हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, और कहा कि इजराइल ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा।

### इजराइल पीएम के बयान झूठे: ईरान

*इजराइल के पूर्व सेना प्रमुख गादी आइज़ेनकोट ने बेंजामिन नेतन्याहू पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जनता को डराने के लिए ऐसे दावे किए कि ईरान के पास परमाणु हथियार हैं। ईरान की परमाणु क्षमताओं के बारे में पीएम के बयान झूठे थे। विपक्षी पार्टी 'यशार' के प्रमुख आइज़ेनकोट ने कहा कि नेतन्याहू ने बहुत गलत बातें कहीं। ईरान के पास कोई परमाणु बम नहीं था। वह इजराइली जनता को डराने के लिए हकीकत को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।*

### वेंस ने ईरान के बैठक से इनकार को बताया 'फारसी चाल'

*अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान की ओर से वॉशिंगटन के साथ सीधी बातचीत से इनकार करने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे बातचीत की एक 'फारसी चाल' करार दिया। वेंस ने कहा कि बातचीत का नतीजा चाहे जो भी हो, अमेरिका मजबूत स्थिति में है। वेंस ने दावा किया कि ईरान की ओर से कई बार इनकार किए जाने के बावजूद दोनों देशों के बीच तकनीकी बातचीत आगे बढ़ रही है। वेंस ने कहा, राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने हमें जो बताया है, वह यह है कि समस्या पर काम करें, देखें कि बातचीत किस दिशा में आगे बढ़ती है। अगर कूटनीतिक स्तर पर कोई समाधान नहीं निकलता है, तो भी हमारे पास कई विकल्प मौजूद हैं।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28